# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023


## कारगर नहीं हो रही नसबंदी की योजना, रायपुर में 15 हजार से ज्यादा मामले



# आवारा हूं....सालभर में एक लाख को कुत्ते ने काटा, सिस्टम नहीं सुधरा, अब रायपुर, दुर्ग-भिलाई को रैबिज फ्री बनाने का प्लान

*आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए कई योजनाएं बनाकर लाखों रुपए खर्च तो किए जा रहे हैं, मगर इसका कोई खास असर होता नजर नहीं आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि सालभर में राज्य के भीतर एक लाख से ज्यादा लोगों को कुत्तों ने काटा है। डॉग बाइट की सबसे अधिक 15 हजार घटनाएं रायपुर जिले में हुई हैं। पिछले साल 84791 केस की तुलना में इस बार आवारा कुत्तों के हमले की घटनाओं में आठ प्रतिशत का इजाफा भी हुआ है। तमाम प्रयोग फेल होने के बाद अब बड़े शहरों को रैबिज फ्री बनाने का प्लान तैयार किया जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

आवारा कुत्तों की आबादी कम करने के लिए नसबंदी की योजना चलाई जा रही है। योजना इतनी सीमित दायरे में संचालित की जा रही है कि उसका कोई खास असर होता नजर नहीं आ रहा है। गली-मोहल्ले से लेकर व्यस्त सड़कों पर भी आवारा कुत्तों का झुंड लोगों पर हमला ▶▶शेष पेज 4 पर

### पीएचसी स्तर पर वैक्सीन

हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा डॉग बाइट की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल के साथ सामुदायिक सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एंटी रैबीज वैक्सीन की व्यवस्था की गई है। कुत्ता काटने की घटना के बाद अगर कोई मरीज वहां पहुंचता है, तो उसे निशुल्क वैक्सीन की सुविधा दी जाती है। डॉग बाइट के शिकार लोगों को तीन से चार वैक्सीन की सुविधा दी जाती है।

## पिछले साल राज्य में 84791 केस, इस बार आठ प्रतिशत ज्यादा घटनाएं



### रैबीज फ्री की योजना

राज्य शासन रायपुर, भिलाई और दुर्ग को रैबीज फ्री सिटी बनाने की योजना पर काम शुरू करने वाला है। इसके तहत लोगों को रैबीज की गंभीरता के प्रति जागरूक करने के साथ आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए संयुक्त अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग, नगर-निगम, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभाग की मदद ली जाएगी। रैबीज फ्री सिटी की योजना पर काम जनवरी से शुरू किए जाने की उम्मीद है।

### डॉग बाइट के ज्यादा मामले

| शहर | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| रायपुर | 12280 | 15329 |
| दुर्ग | 9637 | 9907 |
| जांजगीर-चांपा | 9786 | 8245 |
| बिलासपुर | 3499 | 8078 |
| कोरबा | 3256 | 5414 |

### रोकथाम जरूरी

डॉग बाइट का शिकार होने वालों को शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क वैक्सीन लगाई जाती है। इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से योजना तैयार की गई है।

- डा. सुभाष मिश्रा
संचालक, महामारी नियंत्रण






## लोकसभा ने आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीनों विधेयकों को दी मंजूरी

# नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग पर फांसी, खत्म हुआ राजद्रोह कानून

*औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयक बुधवार को लोकसभा में पास हो गए। नए कानून में नाबालिक से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे अपराध पर सजा-ए-मौत का प्रावधान किया गया है। राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। इसकी जगह देशद्रोह कानून लाया गया है। देश के खिलाफ बोलना गुनाह होगा, वहीं सशस्त्र विद्रोह करने पर जेल होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा ने औपनिवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सरकार द्वारा लगाए गए विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी। सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी),1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाये गए हैं। विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि 'व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सबके साथ समान व्यवहार' रूपी तीन सिद्धांत के आधार पर ये प्रस्तावित कानून लाये गए हैं। गृहमंत्री का कहना था कि आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किया जा रहा है, जो भारत की जनता का हित करने वाले हैं। शाह ने कहा ▶▶शेष पेज 4 पर

### नए भारत का नया कानून

- राजद्रोह कानून को पूरी तरह से किया गया निरस्त
- देशद्रोह कानून लाया, इसमें देश के खिलाफ बोलने पर सजा
- मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल सकेंगे
- आजीवन कारावास को 7 वर्ष की कारावास में बदला जा सकेगा

देश के खिलाफ बोलना गुनाह, सशस्त्र विद्रोह करने पर जेल



**ये तीन विधेयक**
भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023
भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023

**शाह ने विपक्ष से पूछे सवाल:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में कहा कि 'मॉब लिंचिंग' घृणित अपराध है और इस कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि आपने भी वर्षों देश में शासन किया है, आपने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं बनाया? आपने मॉब लिंचिंग शब्द का इस्तेमाल सिर्फ हमें गाली देने के लिए किया, लेकिन सत्ता में रहे तो कानून बनाना भूल गए।

### थाने से कोर्ट तक ऐसे नियम

- शिकायत मिलने के तीन दिन के भीतर पुलिस को दर्ज करनी होगी प्राथमिकी
- 14 दिन के भीतर प्रारंभिक जांच पूरी करनी होगी
- जांच रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट को सौंपनी होगी
- आरोप पत्र दाखिल करने में 180 दिनों से अधिक की देरी नहीं की जा सकती है
- अगर जांच लंबित है, तो भी अदालत से विशेष अनुमति लेनी होगी।
- न्यायाधीश 45 दिनों से अधिक समय तक फैसला सुरक्षित नहीं रख पाएंगे
- ऐसे अपराध के मामलों में एफएसएल टीम का दौरा अनिवार्य होगा, जहां सजा सात साल से अधिक है।

## इन पर भी लगी मुहर



### फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल, 50 लाख जुर्माना

लोकसभा में बुधवार को नया टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पास हो गया। अब इस बिल को फाइनल रिव्यू के लिए राज्यसभा में भेज दिया गया है। इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सिम के लिए बायो मैट्रिक पहचान को अनिवार्य कर दिया गया है।

### जीएसटी अध्यक्ष, सदस्य की बढ़ सकेगी उम्र

संसद ने जीएसटीएटी के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए आयु सीमा बढ़ाने के प्रावधान वाले केंद्रीय माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसमें अध्यक्ष और सदस्यों की आयुसीमा क्रमशः 70 साल और 67 साल तय करने का प्रावधान है। फिलहाल यह आयुसीमा 67 और 65 वर्ष है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के सुझाव के बाद यह संशोधन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तोमर चुने गए मप्र विस अध्यक्ष



**भोपाल।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बुधवार को सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तोमर को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा।

### ऑल टाइम हाई बनाकर 930 अंक फिसला सेंसेक्स



**मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार को करीब 1.50फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 930 की गिरावट के साथ 70,506 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 302 अंक की गिरावट रही। यह 21,150 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान दोपहर 2 बजे के बाद से गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया था।

### 8.9 करोड़ की कोकीन के साथ महिला गिरफ्तार



**मुंबई।** युगांडा की महिला को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 8.9 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसे उसने अपने बालों की विग और अंतःवस्त्र में छुपाकर रखे थे। डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जाल बिछाया और महिला यात्री को पकड़ लिया।

## मंडल संयोजक तत्काल मौके पर पहुंचे, मामला शांत कराया


# नशे में धुत गुरुजी ने मरोड़ी बच्चे की गर्दन, कतार में खड़े कर गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बस्तर

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 रायपुर मार्ग में स्थित संभाग मुख्यालय से महज 18 किमी की दूरी पर



नगर पंचायत बस्तर में बालक हॉस्टल अव्यवस्थित है। जहां एक-दो दिन पहले एक अमानवीय घटना घटी। गुरुजी ने एक बच्चे की गर्दन मरोड़ दी और कतार में खड़े कर बच्चों के साथ गाली गलौज की। शिकायत के बाद हॉस्टल अधीक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। हम बात कर रहे हैं नगर पंचायत बस्तर स्थित बालक हॉस्टल की, जहां ऐसी घटना घटी कि शिक्षक जैसे सम्मानजनक पद कलंकित हुआ। घटना में पीड़ित हॉस्टल के बच्चे के कथित ▶▶शेष पेज 4 पर



### इधर, पटना में छात्र की पिटाई, प्यून सस्पेंड

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के पटना तहसील अंतर्गत ग्राम पसला के प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में छात्र की पिटाई हो गई। आरोपी कर्मचारी की शिकायत पटना थाने में की गई है। यहां सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की छात्रावास के कर्मचारियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी है। दरअसल पदस्थ छात्रावास के कर्मचारी संजय तिवारी द्वारा छात्रावास में रह रहे बालक से कुछ जानकारी पूछी गई। छात्र द्वारा जवाब नहीं दे पाने के बाद कर्मचारी ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी गई।

# साय का कांग्रेस से इस्तीफा अमरजीत बोले- भाजपा की प्लानिंग के तहत आए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अपने सियासी जीवन का अधिकतर समय भाजपा में गुजारने वाले आदिवासी नेता नंदकुमार साय कांग्रेस में जाने के कुछ दिनों बाद ही इस पार्टी से अलग हो गए। उन्होंने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय का नाम तय होने के बाद ही ▶▶शेष पेज 4 पर

### 1 मई को किया था कांग्रेस प्रवेश

उल्लेखनीय हे कि 30 अप्रैल को नंदकुमार साय ने भाजपा से इस्तीफा देते हुए पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से खुद को अलग कर लिया था। अगले ही दिन एक मई को उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।


पल-पल की हर खबर
सबसे पहले, सबसे सटीक

यहाँ पर

कल से
नए अवतार में..


## बदहाल सड़कों को लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस खफा

# आम आदमी की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने रायपुर के विधानसभा मार्ग में सड़कों के किनारे भारी वाहनों का जमावड़ा, खस्ताहाल सड़कें और बंद स्ट्रीट लाइट को लेकर नाराजगी जाहिर की है। नाराजगी जताते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पूछा कि बदहाल सड़कों पर वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के साथ आना जाना कर सकते हैं। इस सड़क से लेकिन आम आदमी भी गुजरते हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा कौन लेगा। आम आदमी की जीवन और सुरक्षा की चिंता हमें करनी है। नाराज कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। रायपुर के विधानसभा मार्ग की सड़क जगह-जगह से खराब है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पूरे समय धूल का गुबार उड़ते रहता है। दोपहिया वाहन चालकों को इससे अधिक पूरे समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हाईकोर्ट इसे ▶▶शेष पेज 4 पर

रायपुर के विधानसभा मार्ग में सड़कों के किनारे भारी वाहनों का जमावड़ा, खस्ताहाल सड़कें और बंद स्ट्रीट लाइट पर नाराजगी



### जारी किया नोटिस

हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि आम लोगों के जीवन की परवाह है भी या नहीं। सड़कों की हालत कब तक सुधर जाएगी। खंभों पर बिजली कब तक लगेगी और सड़कों के किनारे खड़े भारी वाहन कब तक हटा लिए जाएंगे। इस संबंध में राज्य शासन को शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने कहा गया है।

### अगर दुर्घटना घट जाए तो जिम्मेदार कौन होगा

नाराज चीफ जस्टिस ने पूछा कि सड़कों के किनारे वाहनों के खड़े होने और सड़क को खाली रखने मापदंड है या नहीं। यह नेशनल हाइवे है या स्टेट हाइवे। विधि अधिकारी ने बताया कि रिंग रोड है। चीफ जस्टिस ने फिर सवाल दागा और पूछा कि सड़कों पर वाहनों को किस आधार पर और किन नियमों तक खड़ा करने की अनुमति दी जा रही है। इसकी देखरेख और व्यवस्था बनाने के लिए विभाग है या नहीं। अगर दुर्घटना घट जाए तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।




भारतीय नौसेना के प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान को मिला मूल वीर चक्र

# भारत-पाक युद्ध के 52 साल बाद आईएनएस शिवाजी को मिला वीर चक्र

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, आईएनएस शिवाजी को 1971 युद्ध के नायक रहे दिवंगत वाइस-एडमिरल बेनॉय रॉय चौधरी को दिया गया मूल 'वीर चक्र' हासिल हुआ है। युद्ध के समय चौधरी आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर ऑफिसर के रूप में तैनात थे। आईएनएस शिवाजी के विशिष्ट चेयर-मरीन इंजीनियरिंग, वाइस-एडमिरल दिनेश प्रभाकर ने प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित एक समारोह में वाइस-एडमिरल चौधरी के परिवार के सदस्यों पदीप्ति बोस और गार्गी बोस से वीर चक्र प्राप्त किया। समारोह का आयोजन नौसेना ने किया था। कार्यक्रम पुणे शहर से लगभग 60 किमी दूर लोनावाला में आयोजित किया गया था। वीएडीएम चौधरी भारतीय नौसेना के एकमात्र तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें 25 साल पहले वीर चक्र जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से अलंकृत किया गया था। युद्ध के समय वह आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर ऑफिसर के रूप में तैनात थे।

यह सम्मान दिवंगत वाइस एडमिरल को दिया गया था



## तत्कालीन नौसेना प्रमुख नंदा ने दिया था पुरस्कार

रक्षा पीआरओ कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, वाइस एडमिरल चौधरी नौसेना के एकमात्र तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 52 साल पहले भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान चौधरी आईएनएस विक्रांत पर इंजीनियर अधिकारी थे। नौसेना स्टाफ के तत्कालीन प्रमुख एडमिरल एसएम नंदा ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। उन्हें 'एन इंजीनियर पार एक्सीलेंस' की उपाधि दी गई थी। वाइस-एडमिरल चौधरी की बहादुरी, देशभक्ति और समर्पित सेवा विभिन्न महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्हें 1971 के युद्ध में वीरतापूर्ण कार्यों के लिए वीर चक्र मिला।

**जानिए क्या होता है वीर पुरस्कार** : वीर चक्र एक भारतीय युद्धकालीन सैन्य बहादुरी पुरस्कार है। युद्धकालीन वीरता पुरस्कारों में यह तीसरे स्थान पर है। इससे बड़े सिर्फ दो ही पुरस्कार हैं- परमवीर चक्र और महावीर चक्र। भारत के राष्ट्रपति ने 26 जनवरी 1950 को इस पुरस्कार की शुरुआत की गई।

## खबर संक्षेप

### भारत 2047 तक बन जाएगा विकसित राष्ट्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को यूरोपीय संसद के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। बिरला ने कहा कि भारत और यूरोप लोकतंत्र और विविधता के मूल्यों पर आधारित साझा दृष्टिकोण साझा करते हैं। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के मजबूत संकल्प के साथ भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत आर्थिकी के रूप में तेजी से उभर रहा है। बैठक के दौरान यूरोपीय संसद के सदस्यों ने जी20 में भारत के नेतृत्व की सराहना की।

### राय लेने के बाद जाति जनगणना पर फैसला



**मुंबई।** पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा। सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दक्षिण कोरियाई व्लॉगर के साथ दुर्व्यवहार, गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में एक कोरियाई व्लॉगर के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।



यह घटना नवंबर महीने, दिवाली के समय की है, जब दक्षिण कोरिया की व्लॉगर केली को एक वीडियो बनाने के दौरान दुर्व्यवहार किया गया। आरोपी की हरकत वीडियो में रिकॉर्ड की गई थी, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। इस वीडियो पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया जताई है। वीडियो जारी होने के बाद पुणे की पिंपरी चिंचवड़ की पुलिस ने कार्रवाई शुरू करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष है जमकर आक्रामक

# लोकसभा से दो विपक्षी सांसद फिर निलंबित संसद से अब तक 143 सांसद हो चुके सस्पेंड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष जमकर हंगामा कर रहा हैं। सदनों में कार्यवाही के दौरान विपक्षियों के हंगामे और व्यवधान डालने के आरोप में विपक्षी सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया हैं। बीते गुरुवार से सासंदों को निलंबन करने की कार्रवाई जारी हैं। अब तक 143 सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है। बुधवार को एक बार फिर सांसदों को निलंबित किया गया है। लोकसभा कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखाने के आरोप में विपक्ष के सांसद सी थॉमस और ए एम आरिफ पर निलंबन की कार्यवाही हुई।

सांसद सी थॉमस और ए आरिफ पर हुई निलंबन की कार्यवाही

निलंबित सांसद नहीं कर सकेंगे कक्ष में प्रवेश



### 13 दिसंबर की घटना

13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक की घटना के बाद से ही विपक्ष आक्रमक दिखाई दे रहा है, जिसको लेकर कार्यवाही के दौरान विपक्ष जमकर हंगामा कर रहा है। विपक्ष की मांग है कि सुरक्षा की चूक मामले में सदन में चर्चा की जाए। पिछले हफ्ते गुरुवार को लोकसभा के 13 सांसद और राज्यसभा से एक सांसद को निलंबित किया गया था। वहीं, सोमवार को लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 सासंदों को निलंबित किया गया थे। मंगलवार को लोकसभा के 49 सांसदों पर कार्रवाई की गई थे।

### निलंबित सांसदों को कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं में प्रवेश पर रोक

बता दें लोकसभा सचिवालय ने एक सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि निलंबित 141 सांसदों को संसद कक्ष, लॉबी और गैलरियों में भी प्रवेश पर रोक लगाई गई है। बुधवार को निलंबित विपक्षी सांसद लगातार संसद परिसर में केंद्र के खिलाफ हंगामा कर रहे हैं। गांधी प्रतिमा के सामने विपक्षी सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी दलों के सांसद मौजूद थे।

### सांसदों के निलंबन पर बरसीं सोनिया



कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक की 13 दिसंबर की घटना अक्षम्य है। इस तरह की घटना को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पीएम मोदी को राष्ट्र को संबोधित करने और घटना पर अपने विचार व्यक्त करने में चार दिन से ज्यादा लग गए हैं।

### 20 साल से मैं भी सह रहा हूं अपमान : पीएम मोदी



टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की घटना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि पीएम मोदी ने फोन कर इस घटना पर दुख जाहिर किया और कहा है कि वह भी पिछले 20 सालों से इस तरह का अपमान सह रहे हैं।विपक्षी सांसद 19 दिसंबर को संसद भवन के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे।

आतंकी पन्नू विवाद पर पहली बार बोले पीएम मोदी

# भारतीय साजिश के सबूत पर निश्चित रूप से करेंगे विचार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



अमेरिका में भारतीय अधिकारी पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप लगाए जाने के बाद पीएम मोदी ने पहली बार अपना बयान दिया है। पीएम मोदी ने साफ कहा है कि अगर भारतीय साजिश के बारे में कोई भी सबूत दिया जाता है तो वह इस पर निश्चित रूप से 'विचार' करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 'कुछ घटनाएं' भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को पटरी से नहीं उतार सकती हैं।

ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने साफ कहा कि अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है तो हम उस पर विचार करने के लिए तैयार हैं। हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है। पीएम मोदी ने इसी दौरान विदेशों में मौजूद कुछ अतिवादी गुटों की गतिविधियों पर गंभीर चिंता जताई।षपीएम मोदी ने कहा, 'अतिवादी तत्व अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर धमकाने में जुटे हैं और हिंसा को उकसा रहे हैं।' इससे पहले भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश करने के आरोप लगे हैं। अमेरिका उसके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है।

**खास बात**

- 'कुछ घटनाएं' भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को पटरी से नहीं उतार सकती

### दोस्ती पर नहीं पड़ेगा असर

भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती पर पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षा और आतंकवाद निरोधक सहयोग हमारी भागीदारी के प्रमुख तत्व हैं। उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझता हूं कि कुछ घटनाओं का असर भारत और अमेरिका की दोस्ती पर पड़ेगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं नहीं समझता हूं कि यह उचित होगा कि कुछ घटनाओं को दो देशों के बीच राजनयिक संबंधों से जोड़ा जाए। पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर बाइडन के चिंता जताने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दोनों ही देशों की ओर से आपसी रिश्ते को मजबूत करने के लिए पूरजोर समर्थन है।

भारतीय सेना की बचाव टीम पहुंची श्रीवैकुण्ठम

# तमिलनाडु के कई इलाके भारी बारिश के चलते जलमग्न



एजेंसी ▸▸| चेन्नई

चक्रवाती तूफान मिचौंग के बाद अब भारी बारिश ने तमिलनाडु के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने भीषण बारिश का अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में लगातार बारिश के कारण जल भराव की स्थिति बन गई है।

आलम यह है कि भारी बारिश के चलते 10 लोगों की मौत हो गई है। इसकी जानकारी तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना ने दी है। जल भराव की स्थिति होने से कई लोग फंस गए हैं। इसी बीच, भारतीय सेना की बचाव टीम श्रीवैकुंठम पहुंची हैं। बता दें पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के चलते ताम्रपर्णी नदी में बाढ़ आ गई है, जिसके कारण कई इमारतें डूब गई है।

### हेलीकॉप्टर से पहुंचाई बाढ़ पीड़ितों को सामग्री

भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने तमिलनाडु के बारिश और बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई है। भारतीय तटरक्षक एएलएच हेलीकॉप्टर ने थूथुकुडी के बारिश प्रभावित क्षेत्रों में 350 किलोग्राम सामग्री पहुंचाने के लिए सुबह मदुरै से उड़ान भरी थी। 350 किलोग्राम राहत सामग्री से भरा दूसरा हेलीकॉप्टर भी शीघ्र ही उड़ान भरेगा।

### सीएम स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मिचौंग तूफान और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से हुए नुकसान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और आपदा राहत कोष प्रदान करने का अनुरोध किया। सीएम स्टालिन ने कहा कि 100 साल के इतिहास में दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ है। इसलिए तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, कन्याकुमारी और तेनकासी जिलों के लोगों को जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए आपदा राहत कोष से 2000 करोड़ रुपये जारी करने की जरूरत है।

# मणिपुर में ताजा झड़पों के बाद पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

एजेंसी ▸▸| इंफाल

मणिपुर में हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चुराचांदपुर जिले में सोमवार देर रात दो छात्र समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसके बाद मणिपुर सरकार ने जिले में पांच दिनों के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया है। इसके अलावा दो महीने के लिए जिले में सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। उधर, हिंसक झड़प में कई नागरिक घायल हो गए। वहीं सीआरपीसी की धारा 144 के तहत प्रतिबंध भी लगाए गए हैं जो कि राज्य में चल रहे संघर्ष के 87 आदिवासी पीड़ितों को चुराचांदपुर शहर में बुधवार को सामूहिक दफन से पहले लगाया गया। मणिपुर में सोमवार को हुई छिटपुट हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में दो महीने के लिए धारा 144 लागू की है।



हाइपरसोनिक मिसाइल की पुतिन ने की थी तारीफ

# यूक्रेनी सैनिकों ने मार गिराया रूस का अजेय किनझल


एजेंसी ▸▸| कीव

यूक्रेन के साथ करीब 20 महीने से जंग लड़ रहे रूस के लिए एक और बुरी खबर है। यूक्रेनी सेना ने रूसी किनझल हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। यह वही मिसाइल है, जिसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने "अजेय" बताया था। इस खबर के बाद यूक्रेनी सैनिकों में नया उत्साह भर सकता है। दरअसल, इस रूसी मिलाइल ने पिछले कुछ दिनों में यूक्रेन की सेना को काफी नुकसान पहुंचाया था। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने अमेरिका के पैट्रियट सिस्टम की मदद से रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया है। बता दें कि अब तक यह माना जाता था कि रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलों को हवा में तबाह नहीं किया जा सकता है।



### यूक्रेन वायुसेना के प्रवक्ता ने भी किया दावा

द यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी मीडिया ने यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इनहाट के हवाले से दावा किया है कि 14 दिसंबर को रूसी सैनिकों की ओर से हवाई हमले किए जा रहे थे। इस दौरान रूस का **X-47M** किंजल बैलिस्टिक मिसाइल भी हमला कर रहा था। यूक्रेन के सैनिकों ने इसे जवाबी हमले में मार गिराया। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है।



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

सीपीसीबी की भी हुई खिंचाई

# एनजीटी ने पर्यावरण मंत्रालय पर लगाया 25 हजार जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय पर 'अप्रासंगिक और अस्पष्ट उत्तर' दाखिल करने के लिए 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही हरित पैनल ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को उसके पास जमा पर्यावरणीय मुआवजे के गलत तरीके से इस्तेमाल करने के लिए भी फटकार लगाई। कहा यह 'घोर दुरुपयोग और गंभीर वित्तीय अनियमितता' है। पीठ ने कहा, इस तरह के अस्पष्ट और अप्रासंगिक जवाब दाखिल करने के लिए हम प्रतिवादी नंबर-1 (मंत्रालय) पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाते हैं और उसे एक महीने के भीतर वायु प्रदूषण की प्रभावी निगरानी और नियंत्रण के लिए उठाए गए सभी कदमों का विवरण देते हुए एक पूरक जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हैं।




### जवाब दाखिल करने के लिए दिया एक माह का समय

सीपीसीबी को जवाब दाखिल करने के लिए एक महीने का समय देते हुए पैनल ने बोर्ड से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि पर्यावरण मुआवजे के तहत जमा की गई राशि को न तो डायवर्ट किया जाए और न ही कोई वित्तीय अनियमितता हो। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि मंत्रालय के वकील ने स्वीकार किया था कि उसके द्वारा उठाए गए प्रभावी कदमों के संबंध में उसका जवाब स्पष्ट नहीं था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

### खेल रत्न अवॉर्ड

| नाम | खेल |
|---|---|
| चिराग शेट्टी | बैडमिंटन |
| सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी | बैडमिंटन |

### अर्जुन अवॉर्ड

| नाम | खेल |
|---|---|
| ओजस प्रवीण देवताले | तीरंदाजी |
| आदिति गोपीचंद स्वामी | तीरंदाजी |
| श्रीशंकर | एथलेटिक्स |
| पारुल चौधरी | एथलेटिक्स |
| मोहम्मद हुसामुद्दीन | बॉक्सिंग |
| आर वैशाली | शतरंज |
| मोहम्मद शमी | क्रिकेट |
| अनुश अग्रवाल | घुड़सवारी |
| दिव्यकृति सिंह | घुड़सवारी ड्रेसेज |
| दीक्षा डागर | गोल्फ |
| कृष्ण बहादुर पाठक | हॉकी |
| सुशीला चानु | हॉकी |
| पवन कुमार | कबड्डी |
| रितु नेगी | कबड्डी |
| सरीन | खो-खो |
| पिंकी | लॉन बॉल्स |
| ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर | शूटिंग |
| ईशा सिंह | शूटिंग |
| हरिंदर पाल सिंह | स्क्वैश |
| अयहिका मुखर्जी | टेबल टेनिस |
| सुनील कुमार | रेसलिंग |
| अंतिम | रेसलिंग |
| रोशी बिना देवी | वुशु |
| शीतल देवी | पैरा आर्चरी |
| अजय कुमार | ब्लाइंड क्रिकेट |
| प्राची यादव | पैरा कैनोइंग |





राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

# सात्विक-चिराग को खेलरत्न, शमी समेत 26 को अर्जुन अवॉर्ड

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का ऐलान, 9 जनवरी को होगा आयोजन

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए नाम का ऐलान बुधवार को हो गया है। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को वर्ष 2023 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा एशियाई खेलों की चैंपियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा। ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में नौ जनवरी को आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। खेल मंत्रालय के मुताबिक 26 एथलीट्स अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों का चयन उस साल उनके प्रदर्शन को देखकर किया जाता है। खेल विभाग उनके नाम की सिफारिश करती है।



### सिफारिशों के बाद जांच के बाद अवॉर्ड

*खेल मंत्रालय के मुताबिक, अलग-अलग समितियों की सिफारिशों के आधार पर और पूरी जांच पड़ताल के बाद सरकार ने इन सभी खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को अवॉर्ड के लिए चुना है। मंत्रालय ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं की सूची भी जारी की है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में श्रीनगर में छापेमारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने करोड़ों रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत श्रीनगर में पांच स्थानों पर छापे मारे। शनिवार की रात जम्मू-कश्मीर पुलिस की साइबर शाखा द्वारा की गई छापेमारी के दौरान इलैक्ट्रोनिक गैजेट्स और दस्तावेज जब्त किए गए।

### ट्रक-बाइक की टक्कर, दो महिलाओं समेत 3 की मौत



**मिर्जापुर।** जिले के थाना राजगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत इन्द्रानगर के पास मोटरसाइकिल की ट्रक से हुई टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार रामदुलार मांझी (50 वर्ष) अपनी बहन अनीता और मां कौशल्या के साथ जा रहे थे।

### ओडिशा में विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन



**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में और इससे बाहर उड़िया भाषा का प्रचार करने और इसे मजबूत तथा अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए अगले साल फरवरी में एक विश्व उड़िया सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में मंगलवार को धरोहर कैबिनेट की बैठक हुई।

### नक्सलियों ने टैंकर और मशीन में लगाई आग



**गढ़चिरौली।** गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने तड़के सड़क निर्माण कार्य में लगी एक अर्थ-मूविंग मशीन और एक टैंकर में आग लगा दी। यह घटना हिदुर-दोदुर गांव में हुई। गांव की सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा था, तभी नक्सलियों ने निर्माण काम में लगी मशीन और वाहन में आग लगा दी।

### पुंछ में पुलिस यूनिट परिसर में विस्फोट



**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सशस्त्र पुलिस इकाई के परिसर के भीतर विस्फोट होने की खबर है। घटना के तुरंत बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी। सुरनकोट इलाके में 19 और 20 दिसंबर की दरमियानी रात को हुए विस्फोट के कारण परिसर के पास खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

## केरल के बाद गोवा और महाराष्ट्र में कोरोना के नए मामलों ने बढ़ाई चिंता

# कोरोना ने फिर डराया, नए वेरिएंट के 21 केस, केंद्र ने कहा-घबराएं नहीं, रहें अलर्ट

*कोरोना फिर से पैर पसारने लगा है। केरल के बाद गोवा और महाराष्ट्र में नए वेरिएंट जेएन.1 के 21 केस सामने आए हैं। देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों की तैयारियों का जायजा लिया। उच्चस्तरीय बैठक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस के नए सामने आ रहे स्वरूप को लेकर घबराएं नहीं, सतर्कता जरूर बरतें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मांडविया ने कहा कि कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने राज्यों से कोविड-19 के नए मामलों, लक्षणों और उनकी गंभीरता पर निगाह रखने का अनुरोध किया ताकि उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की योजना बनाई जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र की ओर से राज्यों को हर प्रकार का सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया और नए हालात से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। मांडविया ने चीन, ब्राजील, जर्मनी और अमेरिका जैसे कुछ देशों में कोविड के मामलों में वृद्धि से उत्पन्न चुनौती को रेखांकित किया और सतर्क रहने की अपील की।

### नौ दिन में दोगुने केस

*भारत में कोरोना के केस नौ दिनों के भीतर दोगुना हो गए हैं। केरल के बाद महाराष्ट्र और गोवा में नए वेरिएंट के 19 मामलों का पता लगा है। इसमें से एक मामला महाराष्ट्र का है, जबकि 18 मामले गोवा के बताए जा रहे हैं। देश में कोरोना के केस बढ़कर 2 हजार के करीब पहुंच गए हैं। जबकि 11 दिसंबर को कोरोना के मामले 938 थे।*

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के साथ ली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, मंत्री ने दी सलाह




### इन देशों में बरपा रहा कहर

*कोरोना का यह नया वेरिएंट जेएन.1 इस वक्त अमेरिका, चीन, ब्राजील, जर्मनी और सिंगापुर में जमकर कहर बरपा रहा है। बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में भी बेड फुल हैं। सिंगापुर ने तो सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।*

### डब्ल्यूएचओ ने भी कहा-डरें नहीं, सतर्क रहें

उधर, डब्ल्यूएचओ ने इस नए वेरिएंट को क्लासिफाइड करते हुए 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की कैटेगरी में डाल दिया है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस नए वेरिएंट से लोगों में कोरोना तेजी से तो फैल रहा है लेकिन, मौत की संख्या काफी कम है। इसलिए डरने के बजाय सतर्क रहने की जरूरत है। संगठन का दावा है कि बाजारों में उपलब्ध वैक्सीन इस नए वेरिएंट को मात देने में पूरी तरह से सक्षम है।



### कर्नाटक में बुजुर्ग की मौत

*कर्नाटक में कोविड-19 से पांच दिन पहले 64 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या मौत का कारण सार्स सीओवी-2 का नया उप स्वरूप 'जेएन.1' है, मंत्री ने कहा कि अभी इसका पता नहीं चल पाया है। राव ने संवाददाताओं से कहा कि व्यक्ति चामराजपेट का निवासी था और 15 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। वह कई अन्य बीमारियों से भी पीड़ित था। राव ने कहा, अभी यह पता नहीं है कि मरीज 'जेएन.1' उपस्वरूप से संक्रमित था या नहीं।*

## जो बेच चुके हैं उन्हें भी मिलेगा लाभ

# धान खरीदी अब 21 क्विंटल प्रति एकड़, आदेश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सबसे पहले

छत्तीसगढ़ में अब किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। खास बात ये है कि 1 नवंबर से धान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आदेश में यह कहा गया है

खाद्य विभाग के सचिव द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे किसान जो अपना धान पूर्व में समर्थन मूल्य पर विक्रय कर चुके हैं, उन्हें भी उक्त पात्रता अंतर्गत धान विक्रय की सुविधा होगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हटाने पर हाईकोर्ट की रोक

# महिला आयोग अध्यक्ष पद पर बनी रहेंगी किरणमयी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से भाजपा सरकार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक को पद से हटाने के आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने के भी निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस एनके चंद्रवंशी की सिंगल बेंच में हुई। गौरतलब है कि सत्ता परिवर्तन होते ही 15 दिसंबर को शासन ने सभी राजनीतिक नियुक्तियों को निरस्त करने का आदेश जारी किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

## देश के हर कोने से उपलब्ध होंगी ट्रेन

# रामलला के दर्शन कराएंगी करीब 1000 स्पेशल ट्रेनें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए देश के कोने-कोने से अयोध्या के लिए 1000 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये जानकारी रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने दी। वे बुधवार को रामनगरी पहुंचीं और अयोध्या, रामघाट हाल्ट और गोंडा जिले के कटरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के विभिन्न स्थानों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। ये ट्रेनें 19 जनवरी से अयोध्या के लिए रवाना होंगी। इनका संचालन करीब सौ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

### प्रमुख मंदिरों को किया जा रहा चिह्नित

*एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने कहा कि अयोध्या में प्रमुख मंदिरों की तरफ जाने वाले मार्गों को चिह्नित किया जा रहा है। यह भी निर्धारित किया जा रहा है कि जहां पर वाहनों के आने की आवश्यकता है, वहां वे इस प्रकार आएं कि अन्य लोगों का आना-जाना बाधित न हो। मार्गों की आवश्यकता के अनुरूप प्लान तैयार किया जा रहा है।*

### रोजाना पहुंच रहे 50 हजार श्रद्धालु

रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ रही है। रोजाना 50 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। राममंदिर के उद्घाटन के बाद यह संख्या दो से तीन गुना बढ़ जाएगी। इसलिए श्रद्धालुओं के लिए तमाम सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अयोध्या में पूरे देश से श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनगरी में अलग-अलग भाषाओं में संकेतक लगाए जाएंगे।

## साय ने विधानसभा में पेश किया अनुपूरक बजट

# वादे पूरे करने के लिए 12 हजार करोड़ से ज्यादा राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को विधानसभा में अपनी सरकार का पहला और चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया है। यह अनुपूरक 12 हजार 992 करोड़ रुपयों का है। सरकार ने यह राशि पार्टी के चुनावी वादे पूरे करने वाली योजनाओं में खर्च करने के लिए किया है। इसमें सबसे अधिक राशि पीएम आवास योजना ग्रामीण, महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं एवं आवश्यक व्यय के लिए है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### इन योजनाओं में लगेगी बड़ी राशि

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य में 18 लाख आवास, इस योजना के लिए फिलहाल 3 हजार 799 करोड़ रुपयों का प्रावधान
- महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए के हिसाब से साल में 12 हजार रुपए दिए जाने हैं।
- किसानों का दो साल का धान का बकाया बोनस देने की घोषणा की थी। इस योजना के लिए 3800 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है। बोनस की यह राशि 25 दिसंबर को बांटने की तैयारी है।

### आज होगी अनुपूरक पर चर्चा

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। इस चर्चा में पक्ष-विपक्ष के सदस्य शामिल होंगे। बहुमत के आधार पर अनुपूरक पारित होना तय है। इसके साथ ही विनियोग विधेयक भी पारित कराया जाएगा। विधेयक पारित होने के बाद उसे अनुमति के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की अनुमति प्राप्त होने ▶▶ शेष पेज 4 पर

# ईडी ने तेजस्वी और लालू को किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने 'रेलवे में नौकरी के बदले जमीन' धनशोधन मामले की जांच के क्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पिता एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद को पूछताछ के लिए तलब किया है। तेजस्वी को 22 दिसंबर को संघीय एजेंसी के दिल्ली कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं लालू प्रसाद को अगले सप्ताह 27 दिसंबर को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अपने बयान दर्ज कराने के लिए पेश होने को कहा गया है। इस मामले में ईडी एक बार 11 अप्रैल को तेजस्वी यादव से करीब आठ घंटे तक पूछताछ कर चुकी है लेकिन यह पहली बार है जब उसने लालू को जांच में शामिल होने बुलाया है।

## राज्यसभा में सरकार बोली- जाएंगे सुप्रीम कोर्ट, लौटाएंगे पैसे

# सहारा में तीन करोड़ निवेशकों के फंसे 80 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सहारा समूह के तीन करोड़ निवेशकों ने कंपनी की सहकारी समितियों में फंसे 80,000 करोड़ रुपए वापस लेने की मांग की है और सहारा समूह से अधिक धनराशि पाने के लिए वह फिर से उच्चतम न्यायालय जाएगी।

सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने निवेशकों के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है, जहां वे अपने फंसे पैसे पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्मा ने कहा कि अब तक तीन करोड़ निवेशकों ने 80,000 करोड़ रुपए वापस पाने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा, हमने 45 दिनों में निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें 5,000 करोड़ रुपए मिल गए हैं।

### एक-एक पैसा लौटाने का दावा

*हम सभी निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए और अधिक धनराशि प्राप्त करने के लिए (सहारा समूह से) फिर उच्चतम न्यायालय जाएंगे। सहारा समूह के निवेशकों का एक-एक पैसा लौटाया जाएगा। वर्मा ने कहा कि कई निवेशकों को उनका पैसा वापस मिल गया है।*



### क्यों नहीं मिल रहा है पैसा

सहारा ने सेबी खाते में करीब 25000 करोड़ रुपए जमा कराए हैं। इसमें से फिलहाल 5000 करोड़ रुपए मिले हैं। जिन निवेशकों का मूलधन अधिकतम 10 हजार रुपए हैं, उन्हें ही रिफंड मिल रहा है। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त, 2012 में लगभग तीन करोड़ निवेशकों को ब्याज के साथ उनका पैसा लौटाने का आदेश दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने निवेशकों के पैसे वापस कराने के लिए एक अलग से पोर्टल बनाया।

### 5000 रुपए से कम वाले 1.13 करोड़ निवेशक

सहारा समूह की इन 4 सहकारी समितियों में 1.13 करोड़ ऐसे छोटे निवेशकों, जिनका पांच हजार रुपए से भी कम पैसा जमा है। इन निवेशकों के भुगतान के लिए कुल 2793 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। दूसरी ओर, पांच से 10 हजार रुपए (मूलधन) जमा करने वाले निवेशकों की संख्या 65.48 लाख है, जिन्होंने कुल 1.07 करोड़ खातों में कुल 9112 करोड़ रुपए जमा कराए हैं।




## नेतन्याहू ने किया पीएम मोदी को फोन, इज़राइल-हमास संघर्ष पर चर्चा

# मानवीय सहायता और कूटनीति से संघर्ष विराम की बात को दोहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल और हमास जंग को लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पीएम मोदी को इजराइल-हमास संघर्ष के हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएम मोदी ने मानवीय सहायता और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की आवश्यकता को दोहराया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइली पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात की और इजराइल और हमास जंग को के हलातों पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने मानवीय सहायता और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की आवश्यकता को दोहराया।*



- दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया
- दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए

### गूगल ने बंद किया 'लाइव ट्रैफिक' फीचर

इजराइल-हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच गूगल ने इजराइली सेना के अनुरोध पर लाइव ट्रैफिक फीचर को बंद कर दिया है। इस कारण लोगों को गूगल नेविगेशन ऐप को यूज करने में परेशानी आ रही है। इजराइली सैनिकों का कहना है कि गूगल नेविगेशन ऐप्स जैसे गूगल मैप्स के जरिए इजराइली सेना की गतिविधियों और संचालन को ट्रैक किया जा सकता है।

### 7 अक्टूबर से जारी है संघर्ष

बता दें की इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर से संघर्ष जारी है। इजराइल और हमास युद्ध में अब तक लगभग 20 हजार लोगों की मौत हो चुकी हैं, और बड़े पैमाने पर लोग घायल भी हुए हैं । इस संघर्ष को लेकर इजराइल को वैश्विक स्तर पर बहुत दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके नेतन्याहू ने गाजा में स्थाई सीजफायर की मांग को खारिज कर, हमास के खात्मे की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### संघर्ष विराम के लिए चल रही बातचीत

इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाने के लिए संघर्षविराम की जरूरत पड़ती है तो हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम के लिए बातचीत चल रही है। सीआइ के प्रमुख इजराइली और कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए यूरोप पहुंच गए। नए संघर्ष विराम और गाजा में बंधकों की रिहाई पर एक समझौते की संभावना जताई गई है, क्योंकि अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड ने हमास के विरुद्ध प्रमुख युद्ध अभियानों को कम करने के लिए इजराइली सैन्य नेताओं से बातचीत की है।

## चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या 131 हुई

**बीजिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के पहाड़ी क्षेत्र में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 131 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि भूकंप के कारण कई घर मलबे में तब्दील हो गए तथा लोगों को कड़ाके की ठंड के बीच घरों से बाहर रहना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह पिछले नौ वर्ष में चीन में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था। अधिकारियों और चीनी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार आधी रात से ठीक पहले यहां 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 700 से अधिक लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण गांसू और किंघई प्रांतों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा बिजली और संचार सेवाएं ठप हो गईं। भूकंप के तेज झटकों के कारण कई इमारतों को नुकसान पहुंचा तथा आपातकालीन कर्मचारी ढही हुई इमारतों के मलबों से लोगों की तलाश में जुटे हैं। मा डोंगडोंग नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उनके घर के तीन शयनकक्ष तबाह हो गए।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में पीएम ने कहा

# हमारा किसी भी तकनीक का आयात नहीं करने का लक्ष्य होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अन्वेषकों की समस्या सुलझाने की क्षमता, जटिल चुनौतियों से निपटने की सरलता उल्लेखनीय है। पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारत को किसी भी तकनीक का आयात न करना पड़े। भारत का स्पेस प्रोग्राम आज पूरी मानवता के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा पर लैंड कराया, ये सफलता सिर्फ इतनी ही नहीं है।




इसने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया ही बदल दिया है। दुनिया में यह भाव और सशक्त हुआ है कि, भारत कुछ भी कर सकता है। भारत को विकसित बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। इसमें आप सभी का सबसे बड़ा लक्ष्य भारत की आत्मनिर्भरता होना चाहिए। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात में आयोजित किया जाएगा। समिट का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में गुजरात को वैश्विक स्तर पर लाने के लिए 2003 में पीएम मोदी की अगुवाई में शुरू किया गया था। सम्मेलन में विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद जताई है।

### भारत एआई के लिए वैश्विक ढांचे पर दे रहा जोर

पीएम ने कहा कि भारतीय रेलवे अपने परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और केंद्र सरकार इसके लिए हजारों करोड़ खर्च कर रही है। लॉजिस्टिक्स पर भी हमारा विशेष ध्यान है। हमें नवीनतम तकनीक के उपयोग के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि इसे नियामक तरीके से उपयोग किया जाए तो यह बहुत उपयोगी हो सकता है। भारत एआई के लिए एक वैश्विक ढांचे पर भी जोर दे रहा है।

### साइंस और टेक्नोलॉजी पर भी दिया बल

उन्होंने कहा कि विश्व को विश्वास है कि भारत वैश्विक चुनौतियों के लिए कम लागत, गुणवत्ता, टिकाऊ समाधान प्रदान कर सकता है। आज भारत, विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। आज भारत में विश्व का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है। आज भारत में एक स्थिर और मजबूत सरकार है।




विधानसभा में शपथ ग्रहण

## गहलोत और पायलट ने काली पट्टी बांधकर शपथ ग्रहण की

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान की नवगठित 16वीं विधानसभा के पहले सत्र का आगाज बुधवार को हुआ। सत्र की कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने शपथ ली। इसके बाद एक के बाद एक विधायकों को क्रम से शपथ दिलाई गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

**सांसदों के निलंबन पर विरोध जताना बताई वजह**

कांग्रेस के विधायक विपक्षी सांसदों लोकसभा और राज्यसभा के निलंबन को लेकर अपना विरोध जताने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर सदन में पहुंचे थे। संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर हंगामे की वजह से लोकसभा और राज्यसभा से कुल 143 विधायकों को निलंबित किया जा चुका है।




ब्रिटेन की 2 साल में रोकी महंगाई

## लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था में चला पीएम सुनक का जादू

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी काबिलियत का सबसे बड़ा लोहा मनवाते हुए महंगाई को घुटनों पर ला दिया है। जबकि इससे पहले ब्रिटेन की बेलगाम महंगाई और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते ही पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने मोर्चा संभाला था। पीएम ऋषि सुनक के सामने ब्रिटेन की महंगाई को काबू में लाने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती थी। सुनक ने दोनों ही चुनौतियों से पार पाते हुए महंगाई को काबू में ला दिया है।



- चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ब्रिटेन फिर से बेहतर स्थिति में आया

### किस कदम से काबू में आई महंगाई

सांख्यिकी कार्यालय ने इस गिरावट के पीछे ईंधन कीमतों में की गई कटौती को प्रमुख वजह बताया। इसके अलावा खाद्य कीमतों में नरमी ने भी खुदरा मुद्रास्फीति को कम किया। विश्लेषकों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के कम होने से बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दरों में कटौती का कदम उम्मीद से थोड़ा जल्दी ही उठा सकता है। पिछले साल मुद्रास्फीति चार दशकों के उच्चस्तर 11 प्रतिशत से भी अधिक हो गई थी। इसपर काबू पाने के लिए ब्रिटिश केंद्रीय बैंक ने पिछले साल से नीतिगत दर में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया था और इस समय यह 15 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर है।






डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएगें। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर

सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

# डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका



आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

## हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

## डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।

## डायबिटिक नेफ्रोपैथी



जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थित में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

## डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटिंयां रेंगने जैसा एहसास होता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।



## डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचारः** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

## हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

## डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।

## कमजोर इम्यून सिस्टम



डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

अवेयरनेस

अंजू जैन

# इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट



कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्सः** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियांः** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।

**डिप्रेशनरोधी दवाएंः** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।



**मल्टी विटामिन दवाएंः** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।

**बीपी कंट्रोलर पिल्सः** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्सः** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

डॉ. संजीव डांग

ईएनटी सर्जन

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली

वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

# सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका



सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारणः** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।

**संक्रमण के लक्षणः** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीकेः** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचावः** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत दो की मौत और एक घायल

**मुड़पार-सरसीवां।** सरसीवां थानांतर्गत तेन्दुभांठा मुख्य मार्ग चर्च के पास एक ट्रैक्टर और बाइक में जर्बदस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में 2 युवकों की मौत मौके पर हो गई। वहीं घटना को देख ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया, जिसकी खोजबीन में पुलिस जुटी है। इस गंभीर दुर्घटना से गांव में मातम पसरा है। सरसीवां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनपुरी के फिरत खटकर, नीलकमल साहू और प्रमोद खटकर तीनों फिरत खटकर के ससुराल गायदरहा गए थे। वहां से तीनों सारंगढ़ की ओर से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक सरसीवां की तरफ से सारंगढ़ की ओर जा रहा था। वहीं मोटर साइकिल से बम्हनपुरी के तीनों युवक अपने घर वापस आ रहे थे, तभी चर्च के पास तेंदूभाठा में दोनों वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 2 की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि प्रमोद खटकर 23 साल पिता गीता राम खटकर को हल्की चोटें आई है। घटना स्थल से बम्हनपुरी की दूरी 5 किमी ही बची थी कि यह बुरी खबर घर वालों तक पहुंच गईं और घर पहुंचने के पहले ही यह घटना घट गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एक साथ 2 युवकों की मौत से गांव में गमगीन का माहौल है।

**मुठभेड़ : 5-6 नक्सलियों को गोली लगने की खबर, जवान सुरक्षित**

# कोतापल्ली के जंगल में माओवादियों से मुठभेड़ के बाद हथियार छोड़ भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में बुधवार को नक्सल आपरेशन पर निकली संयुक्त फोर्स व नक्सलियों के बीच 1 घंटे से अधिक फायरिंग होती रही। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद किया है। जिस तरह से नक्सली हथियार छोड़कर भागे और मौके पर मिले खुन के धब्बे से उससे कयास लगाया जा रहा है कि 5-6 नक्सलियों को गोली लगी है, जिन्हे साथी नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।

- डीआरजी ,बस्तर फाइटर्स व कोबरा की सयुंक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़

आईजी सुदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार को नक्सल अभियान के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व कोबरा 201 बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल ऑपरेशन के रवाना किया गया था। पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि थाना चिंतलनार क्षेत्र के ग्राम नागाराम एवं कोत्तापल्ली के जंगलों में नागाराम एलओएस के नक्सलियों की मौजूदगी है, जिसके बाद आपरेशन लांच किया गया था। इस दौरान नक्सलियों व सुरक्षाबलों के जवानों के बीच कोत्तापल्ली व नागाराम के जंगलों में मुठभेड़ हुआ। जवानों को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल का आड़ लेकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने खुन के धब्बे के अलावा दो बंदूक व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है।



### एक लाख का इनामी सक्रिय माओवादी गिरफ्तार पुलिस को मिली सफलता

**कांकेर।** बीएसएफ एवं डीआरजी का संयुक्त बल को जनताना सरकार अध्यक्ष अलपरस एक लाख के ईनामी माओवादी सुन्दर दुग्गा पिता सन्नूराम दुग्गा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। कोयलीबेड़ा थाना में तीन मामलो में संलिप्त माओवादी जनताना सरकार अध्यक्ष अलपरस सुन्दर दुग्गा पिता सन्नूराम दुग्गा की पुलिस को लंबी समय से तलाश थी। पुलिस को मुखबिर से आलपरस में होने की जानकारी मिलने पर बीएसएफ एवं डीआरजी की



संयुक्त टीम ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुष्टि होने पर दबोचा गया।

### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को ढेरे को ध्वस्त कर दिया। ढेरे से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा ने सुकमा जिले के बेदरे स्थित सीआरपीएफ कैम्प में जवानों से मुलाकात कर अभियान की समीक्षा कर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन की रणनीति बनाई थी, जिसके परिणाम स्वरूप जवानों ने माओवादियों के खिलाफ आपरेशन चलाकर नक्सलियों को खदड़ने में कामयाब रहे।

### नक्सलियों ने पिकअप को किया आग के हवाले

इधर मंगलवार देर शाम माओवादियों ने जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के कमरगुड़ा गांव के करीब डीजल छोड़कर आ रहे पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया। आगजनी का शिकार पिकअप वाहन नकुलनार गांव की बताई जा रही है। हालांकि अधिकारियों ने आगजनी की पुष्टि नहीं की है, बावजूद इलाके में सर्चिंग लगातार जारी है।

# दो साल बाद सुलझी हत्या की गुत्थी, ब्रेन मैपिंग टेस्ट की मदद से पकड़ाए आरोपी!

**राजनांदगांव/डोंगरगढ़।** दो साल पहले जिले के डोंगरगढ़ शहर निवासी रमेश बंधु की हत्या मामले को आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। दो साल तक चली जांच, दर्जनभर संदेहियों से पूछताछ और दो आरोपियों के ब्रेन मैपिंग टेस्ट के बाद इस मामले में आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जांच में सामने आए तथ्य अनुसार हत्या उधारी राशि मांगने को लेकर हुए विवाद के कारण की गई है। बताया गया कि आरोपी महेश सोनी ने गांव में घर बनाने के लिए मृतक रमेश बंधु की हार्डवेयर दुकान से उधारी सामान लिया था। जिसकी वसूली के लिए ही रमेश बंधु समय-समय पर आरोपी महेश सोनी के घर पहुंचकर राशि मांगता था। आरोपी बार-बार राशि मांगने आने से परेशान हो गया था और इसी बीच 24 जून 2021 को इस मामले को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ।

इसके बाद मुख्य आरोपी महेश सोनी ने इस पूरे हत्याकांड की प्लानिंग की और अपने पुत्र राहुल सोनी, साथी सूरज वर्मा और अजय शर्मा के साथ मिलकर इसे अंजाम दिया। हालांकि दो साल बाद अब चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### जंगल में छिपे थे साथी, मिलकर मारा

मुख्य आरोपी ने पुलिस को बताया कि योजना बनाकर इस हत्या को अंजाम दिया गया। जिसमें आरोपी महेश सोनी ने उधारी की राशि देने के नाम पर मृतक रमेश बंधु को मुक्तिधाम में बुलाया। इसी दौरान बात करते-करते उसे बहलाकर राउरकसा डेम की तरफ ले गया। योजना के अनुसार वहां पहले से ही तीन अन्य आरोपी जंगल में छिपे हुए थे। जैसे ही मृतक और मुख्य आरोपी घटनास्थल पर पहुंचे, चारों ने मिलकर उस पर कुल्हाड़ी और डंडा से वार शुरू कर दिया। इसी दौरान रमेश बंधु की मौत हो गई।

### हत्या से करते रहे इंकार, ब्रेन मैपिंग में पकड़ाए

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2021 में दर्ज हुए इस प्रकरण की जांच के दौरान ही कई लोगों से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी महेश सोनी, सूरज वर्मा भी शामिल थे, लेकिन उस दौरान पूछताछ में इन्होंने हत्या करने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद लगातार सामने आते तथ्य को देखते पुलिस ने इन दोनों का ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने का फैसला लिया। जिसमें हत्या का मामला सामने आ गया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile 8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548. (RO -1031)

छोटा विज्ञापन

### फील्ड कार्य

**सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड में फील्ड वर्क के लिए 12वीं उत्तीर्ण लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है।**

**इंटरव्यू की तारीख - 23 और 24 दिसंबर 2023**
**समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक**

साक्षात्कार स्थल और संपर्क विवरण-
अंबिकापुर- 9893574054, 9310080243
बैकुंठपुर - 9893574054, 9310080243
उदयपुर - 9893574054, 9310080243
बिलासपुर - 9205995170, 9205599212
चांपा - 7303749301, 9205995170
सिमगा - 9205995170, 7303749301
खैरागढ़ - 8448092799, 7303749301
धमधा - 8448092799, 7303749301
डोंगरगांव - 8448092799, 7303749301
रायगढ़ -7428294942, 7303749301
सारंगढ़ - 7428294942, 7303749301
रतनपुर - 8448092785, 7303749301
कटघोरा - 8448092785, 7303749301
मोपका - 8448092785, 7303749301
रायपुर - 9205599212, 7303749301
बालोद - 8448092759, 7303749301
गरियाबंद - 8448092759, 7303749301

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.** (RO-1049)

### मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग के लिए 10-15 लड़कों की आवश्यकता है वेतन- रुपये 10000 से 15000 प्रतिमाह योग्यता 8वी पास **संपर्क- 83499-14800, 83051-22301 कार्य स्थान- रायपुर** ((RO-2344)

**आवश्यकता है-** एमएससी, बीएससी, एग्रीकल्चर मे सेल्स मार्केटिंग के लिए पुरे छत्तीसगढ़ के लिए लड़को की आवश्यकता है जिसे 2 से 3 साल का मार्केटिंग अनुभव हो. **सम्पर्क:- समय- 11:00 से 6:00 हिरेन (9998849535) टाटीबंध रायपुर.** (RO-2349)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### कुक

**आवश्यकता है-** इंडियन कुक-2, तंदूरी कुक-2, किचन हेल्पर-4, केप्टन-2, वेटर-4, वाटरब्वाय-4, सफाईकर्मी-4, वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करे :- नियर तरपोंगी टोप्लाजा गोल्डन ढाबा ,मो.- 98271-66974, 79879-35213.** (RO - 370)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाडू पोछा, बर्तन, साफ सफाई हेतु शादी शुदा या अकेले पुरूषों एवम महिलाओं (जिनके बच्चे साथ मे न रहते हो) आवश्यकता है। **उम्र 25 से 35 तक- 9302708426, 9039584784.** (RO-2353)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** MS AMBIKA FUELS पेट्रोल पंप स्मृति नगर में पेट्रोल /डिजल डालने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- जुनवानी रोड नियर इंडियन बैंक के पास भिलाई मो.- 87093-94722, 91317-63094.** (RO- 374)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.**(RO-1632)

**आवश्यकता है-** मेडिकल सीएंडएफ में अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर -1, की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा सहित मिलें **नरेंद्र फार्मा कृष्णा नगर, डंगनिया, रायपुर 9425542077, 9669426111.**(RO-aditya)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा, रायपुर के पास गाड़ी चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क करे मोबाइल नंबर 97541 60228.** (RO-1201)

**आवश्यकता है-** समीर ट्रेवल्स दुर्ग में टैक्सी चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवरों की तत्काल आवश्यकता है **संपर्क करें:- मो. 7224062041, 9301744445.** (RO-369)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु वेटर, हेल्पर, तन्दुर, मास्टर, कैप्टन, बिल बनाने वाला चाहिए। फोन करें- सुबह 11बजे से रात 11बजे **पता- रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666** ((RO-32217)




### हेल्पर

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मे बिस्कुट पैकिंग काम करने हेतु , रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम सुविधा उपलब्ध है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर संपर्क - 7828735534.**(RO-1050)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 5 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।** (RO-387)

### आया/कुक

**आवश्यकता है-** स्कूल के लिए आया, कुक एवम घर काम के लिए बाईं की आवश्कता है,तुरंत संपर्क करे । मॉडल इंग्लिश स्कूल,सिविल लाइन,रायपुर । **मोबाइल 9329621221, 9425214413.**(RO-meet)

### गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान व गोदाम में कार्य हेतु पांचवीं पास युवक की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र,124, एस के प्लाजा कॉम्पलेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर** ।(RO-1593)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28 वर्ष, 10वी, 12वीं पास जो ग्वालियर में काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 6263423838, 8817637131.** (RO-32226)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** अनुभवी M.Com/ B.Com पास युवक- युवतियों की, कम्प्यूटर, टेली का ज्ञान अनिवार्य **संपर्क करें:- मो.- 9713574600, 9907140995, 9827958143.** (RO -372)

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** बिल्डिंग निर्माण कार्य पाटन व सोमनी राजनांदगांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु बी.ई/डिप्लोमा सिविल इंजीनियर व सुपरवाइजर (युवक) की आवश्यकता है, 5 साल अनुभवी को प्राथमिकता। **के.पी. मिश्रा कन्स्ट्रक्शन पताः-महाराजा चौक, डी-15, आदर्शनगर, दुर्ग 7869877505, 7000343771.** (RO-373)

### वर्क फ्राम होम

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर घर बैठे बेरोजगार, हाउसवाइफ, स्टूडेंट, जॉब पीपल,कर्ज में फंसे लोग और दिव्यांग भाई बहन,अपने स्मार्टफोन से ऑनलाइन वर्क से कमाए 500 से 2000 रुपये तक प्रतिदिन पार्ट टाइम या फुल टाइम **संपर्क करे :- 81093-15447.** (आरोन.- 6306)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें : - 8695963713.** (RO - 1306)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417.(RO-1307)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Office) हेतु पक्की परमानेंट नौकरी (बिना इंटरव्यू सीधी भर्ती) अनपढ़ से ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) तुरंत ट्रेनिंग शुरू (28300- 84900/-) सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 07827301340.**(आरो-2319)

**आवश्यकता है-** ORDEAL कंपनी को 100 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय (10500 - 15500) प्रतिमाह आवास+ खाना फ्री परमानेंट जॉब **पता- साकेत नगर चगोरा भाटा रायपुर** MOB- **9528368316, 7024480878.**((RO-6594)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त **नाम पता** Whatsapp **करें 9631550466.**(RO-6670)

**आवश्यकता है-** Airtel 4G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम(SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 9199166461.** (RO-6661)

## Astrology ज्योतिष

**राजगुरू ज्योतिष -** जन्मपत्रिका, हस्तरेखा, मंगलदोष, लक्ष्मीयोग, जमीनलाभ, शादीयोग, मनचाहा प्यार, नौकरी प्रमोशन, नशामुक्ति, पति-पत्नी झगड़ा किया कराया प्यार में धोखा, वशीकरण तलाक मार्ग दर्शन के लिए फोन करके मिले A TO Z समस्याओं का समाधान **पता:- ब्राह्मण पारा आजाद चौक रायपुर मोबाइल नंबर:- 8889131176.** (RO-1048)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक**

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) 7347259119. (RO-12146)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्रापट्री ही प्रापट्री रायपुर दीनदयाल उपाध्याय नगर (डी.डी.यू नगर) डी.मार्ट के पास रिंग रोड़ से मात्र 100 मीटर अन्दर आवासी लेआऊट डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है। **आपके लिए केवल आपके लिए। मों. - 8839770040, 8889303077.** (आरो-1034)

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। **संपर्क करें:-मो :- 78287-81009.** (RO -371)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.**(RO-2284)

## Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH-NIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.**(RO न.- 6308)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




**Healthcare**

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष
इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**गुप्त रोग चिकित्सा**



मशीनों द्वारा जांच
मात्र 1 दिन में ईलाज
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- वीर्य में शुक्राणुओं की कमी
- सेक्स से भय • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- लिंग में छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन
- पेशाब में धातु जाना • स्वपन दोष

विशेष ईलाज :- वात रोग, बवासीर, पथरी, सफेद दाग, पेट में गैस, कब्ज रोग, खून की कमी, कमजोरी, गन्जापन, बाल झड़ना
आरोग्य केयर चिकित्सालय
सोसायटी वस्त्र भंडार के सामने, जलेबी चौक, पावर हाउस, भिलाई
मो.: 98936 59105
समय: सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

# कैपिटल हिंसा मामले में ट्रंप को बड़ा झटका, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। इस मामले में अदालत ने राज्य सचिव को आदेश दिया कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के मतदान से बाहर किया जाए। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप को 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। यह फैसला अमेरिका में कैपिटल हिल हिंसा में डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की भूमिका को देखते हुए अदालत ने सुनाया है। अदालत ने आदेश में कहा है कि ट्रंप अगले साल अमेरिका में होने वाले चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं। 14वें संशोधन की धारा 3 का उपयोग राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करने के लिए किया गया है।



### अब ट्रंप जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को व्हाइट हाउस की रेस में शामिल होने से पहले अयोग्य करार दे दिया गया है। हालांकि, पूरी उम्मीद है कि ट्रंप इस फैसले के खिलाफ अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख दावेदार ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है।

### धारा 3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य घोषित

कोलाराडो के 6 मतदाताओं के एक समूह ने सितंबर में डोनाल्ड ट्रंप को 2024 में राज्य के मतदान से रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उनका दावा था कि संवैधानिक प्रावधान के कारण उन्हें रोक दिया गया था। धारा 3 कहती है कि कोई भी व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकारी के रूप में काम नहीं कर सकता है, जिसने पहले संघीय पद की शपथ ली हो, अमेरिका के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो। मुकदमे में दावा किया गया कि ट्रंप ने अपने समर्थकों की भीड़ द्वारा यूएस कैपिटल में दंगा भड़काने और विद्रोह का कार्य किया था।

# अमेरिकी संसद में हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए साथ आए सांसद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धार्मिक अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा करने और अमेरिकी कांग्रेस में उनके मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेसनल हिंदू कॉकस बनेगा। रिपब्लिकन सांसद पीटर और एलिस स्टेफानिम ने अमेरिकी संसद में इसकी घोषणा की। 115वीं कांग्रेस के दौरान स्थापित कॉकस ने हिंदू-



अमेरिकी समुदाय और नीति निर्माताओं के बीच संबंध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका जारी रखी है। सत्र ने कहा कि कांग्रेसनल हिंदू कॉकस का उद्घाटन हमारे देश की राजधानी में हिंदू-अमेरिकी समुदाय की आवाज को पहचानने और बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम उनकी चिंताओं को संबोधित करने उनके योगदान का जश्न मनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनके दृष्टिकोण को सर्वोच्च स्तर पर सुना जाए।

### सिख, जैन और बौद्ध धर्म के सदस्य भी शामिल

साथ ही कहा गया कि कांग्रेसनल हिंदू कॉकस का उद्देश्य उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करना है, जो हिंदू-अमेरिकी समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कॉकस भारत, नेपाल, श्रीलंका, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड सहित कई देशों के हिंदुओं का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें सिख, जैन और बौद्ध के सदस्य भी शामिल हैं।

यूक्रेन की बड़ी

# आर्थिक मदद रुकने से सैनिकों की कमी, चिंता में जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। बीते करीब दो वर्षों में पश्चिमी देशों की मदद और सैनिकों की बहादुरी की बदौलत रूस के खिलाफ जंग में मोर्चा भिड़ाने के बाद अब यूक्रेन को कुछ बड़े झटके लगे हैं। यूरोप और अमेरिका की तरफ से आर्थिक मदद रोके जाने के बाद जंग में यूक्रेन को अब सैनिकों की कमी पड़ गई है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपनी सेना में 5,00,000 सैनिकों की भर्ती की मांग की है।

### यूक्रेन को लगातार झटके

बाइडेन सरकार की ओर से यूक्रेन की मदद के लिए लाए गए सहायता पैकेज के प्रस्ताव



पर सीनेट की मुहर नहीं लग पाई। हालांकि, बाइडेन सरकार इस बीच ही रिपब्लिकन पार्टी के विरोध की वजह से यूक्रेन को भेजी जाने वाली सहायता पर समझौते के लिए चर्चा प्रस्ताव लाई। इससे पहले यूरोपीय यूनियन की तरफ से यूक्रेन को 55 अरब डॉलर की रकम मुहैया कराई जानी थी।

हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन

# तनाव के बीच एक चीनी गुब्बारे ने पार की ताइवान की सीमा

एजेंसी ▶▶ ताइपे

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीनी गुब्बारे ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया है। दरअसल, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ताइवान जलडमरूमध्य में एक चीनी सैन्य निगरानी गुब्बारा और बड़े पैमाने पर भेजे गए सैन्य विमान एवं पोत देखे गए हैं। सुबह 6 बजे ताइवान के चारों ओर आठ चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के विमान और तीन पीएलएएन जहाजों के होने की जानकारी मिली।

### 12 हजार फीट पर उड़ते दिखा, बुधवार सुबह गायब

ताइवान की सेना ने लड़ाकू विमानों, नौसेना के पोतों और



भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों के जरिए स्थिति पर नजर रखी। गुब्बारे को लगभग 12,000 फीट ऊंचाई पर उड़ते हुए देखा गया। कीलुंग के 63 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार करने के बाद एक पीआरसी के गुब्बारे का पता चला। गुब्बारा पूर्व की ओर बढ़ रहा था और बुधवार तड़के गायब हो गया।

## भारत और न्यूजीलैंड में द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टोड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में व्यापार अड़चनों को कम करने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण के तहत दोनों देशों के बीच जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कांग्रेस कर रही उपराष्ट्रपति का अपमान संसद में बहस की जगह जोकर बन रहे

एजेंसी ▶▶ बस्ती

जिले में सांसद खेल महाकुंभ का जिला स्तरीय आयोजन शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। सीएम योगी आदित्यनाथ थे। संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि आप नेताओं को संसद में चर्चा और बहस करने के लिए भेजते हैं। लेकिन कल कुछ लोगों ने संसद में बहस करने के बजाय जोकर का काम किया और उपराष्ट्रपति की नकल की। एक सांसद उप राष्ट्रपति की नकल कर रहे थे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे। कांग्रेस का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है, उस कांग्रेस के नेता किसान के बेटे, जाट के बेटे और ओबीसी प्रतिनिधि का अपमान कर रहे हैं।

**अब भारत उपकरणों का निर्यातक बना :** नड्डा ने कहा कि पहले रक्षा उपकरण हमें आयात करना पड़ता था पर अब भारत ये उपकरण खुद बना रहा है। आज बुलेट प्रूफ जैकेट हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं। पांच लाख बुलेट प्रूफ जैकेट पुलिस बलों को उपलब्ध कराए गए। देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नियति और कार्यक्रम बहुत अहमियत रखते हैं। एशियन गेम्स में अब मेडल्स की झड़ी लग गई है।


## कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग.)
## आदिवासी विकास शाखा
फैक्स नं. 07824-222105, ई-मेल - aetwd.bemetara@Gmail.com

**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/1094/आ.जा.क./निर्माण/66/2023 बेमेतरा, दिनांक 13-12-2023

निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 30.12.2023 सायं 5.30 बजे तक हैः-

| क्र | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि लाख में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 150049 | पो.मै. अनु. जाति कन्या छात्रावास भवन निर्माण नवागढ़ | 190.70 |

टीपः- ठेकेदार की श्रेणी "A", "B", "C" होना अनिवार्य है।

उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास जिला बेमेतरा

G-06442/1



## छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी
## निमोरा, रायपुर
टेलीफैक्स नं. 0771-2473263 ई-मेल ps.cgaoa@gmail.com

क्रमांक 3321/अका./स्था./ 783/2023 रायपुर, दिनांक 13/12/2023

**// अकादमी भवन, दोनों छात्रावास, संकाय सदन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवनों के रख रखाव, साफ-सफाई एवं जल आपूर्ति व्यवस्था का संधारण कार्य (वर्ष 2023-24) हेतु ई-निविदा आमंत्रण //**

**ई-निविदा क्रमांक-150061 दिनांक-13.12.2023**

छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर के अकादमी भवन, दोनों छात्रावास, संकाय सदन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवनों के रख रखाव, साफ-सफाई एवं जल आपूर्ति व्यवस्था का संधारण कार्य (वर्ष 2023 - 24 ) हेतु ई - निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई - निविदा की समय-सारणी निम्नानुसार हैः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि एवं समय | दिनांक 14.12.2023 | कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 से |
| 2 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2024 | अपरान्ह 04:00 बजे से 05:00 बजे तक, स्थान- छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा, के बैठक कक्ष |
| 3 | ई-निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.01.2024 | अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा शुल्क (रुपये 1000/-) एवं अमानत राशि (रुपये 1,00,000/-) के डिमांड ड्राफ्ट भौतिक रुप से जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.01.2024 | अपरान्ह 03:30 बजे तक |
| 5 | ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.01.2024 | प्रातः 11.00 बजे |

ई - निविदा भरने हेतु वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।
निविदा अभिलेख विभागीय वेब साईट www.cgaoa.gov.in पर भी देखे जा सकते है।
ई-निविदा हेतु निविदा शुल्क 1000/- ( एक हजार रूपये मात्र) है, यह राशि वापसी योग्य नही होगा।

( संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित )

संयुक्त संचालक (प्रशासन)
छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी
निमोरा रायपुर

G-06485/1



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

**ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन**
**सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ट नीलाम दिनांक **03/01/2024** समय **प्रातः 10.00** बजे **सुकमा काष्ठागार नीलाम हॉल** में किया जावेगा।

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगावें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपये इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य हैं। वर्ष 2024 का पंजीयन एवं फर्म का **पेन नम्बर** एवं **जी. एस. टी. नम्बर** की प्रति जमा करें।

**सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी | (घ.मी.) | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 40.935 | 12 | 79 | 273.391 | 205 | 554 | 314.326 | 217 | 633 |
| बीजा | 19.949 | 0 | 0 | 84.229 | 61 | 0 | 104.178 | 61 | 0 |
| साजा | 34.375 | 129 | 0 | 55.378 | 134 | 0 | 89.753 | 263 | 0 |
| साल | 0 | 0 | 0 | 41.453 | 0 | 0 | 41.453 | 0 | 0 |
| शीशम | 0 | 0 | 0 | 0.147 | 0 | 0 | 0.147 | 0 | 0 |
| शीवना | 0.205 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.205 | 0 | 0 |
| हल्दू | 5.020 | 2 | 0 | 0.626 | 1 | 0 | 5.646 | 3 | 0 |
| अन्य | 64.499 | 187 | 0 | 92.339 | 250 | 0 | 156.838 | 437 | 0 |
| योग - | 164.983 | 333 | 79 | 547.563 | 651 | 554 | 712.546 | 981 | 633 |

वन मंडलाधिकारी
सुकमा, वन मंडल सुकमा

G- 06501/4



## शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

क्र./521/भण्डार/गोप.93/2023-24, जगदलपुर, दिनांक 19/12/2023

**संक्षिप्त निविदा विज्ञापन**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की अनुपयोगी रद्दी कागजात एवं अन्य अनुपयोगी सामग्रियों के विक्रय हेतु ईच्छुक फर्मो / संस्थाओं से सीलबंद निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक / पी. एण्ड टी. अधिकृत कोरियर से दिनांक 11.01.2024 के सांय 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.01.2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में खोला जायेगा। प्रपत्र, धरोहर राशि, नियम -शर्तें इत्यादि की जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय का वेवसाईट www.smkvbastar.ac.in का अवलोकन करें।

कुलसचिव

S-39147/1



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 26.12.2023

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 27/2023-24 दिनांक 13/12/2023 | 150018 (प्रथम आमंत्रण) | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. अन्तर्गत जिला- दन्तेवाड़ा के बायपास गीदम जनपद से बांगाबाड़ी तक सड़क निर्माण कार्य, लम्बाई 10.60 कि.मी. में मार्ग फर्नीचर का कार्य की निविदा। | 87.19 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-06472/1



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, (दुर्ग छ.ग.)

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**( द्वितीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्रमांक 149949/ निविदा सूचना क्रमांक 31/ वलेलि / 2023-24 छुईखदान, दिनांक 15.12.2023**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **01.01.2024 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम : खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान की कोयलार नाला टारबांध के मुख्य नहर आर. डी. 0 मी. से 2550 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य तथा 10 नग व्ही. आर. बी. 09 नग फाल, पक्के कार्यों का निर्माण कार्य एवं कोलाबा पाईप फिक्सिंग का कार्य।**

**अनुमानित लागत : रूपये 179.27 लाख**

**(दिनांक 01.08.2010 के एस. ओ. आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार )**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर **दिनांक 22.12.2023 समय 17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान (छ.ग.)
कृते - अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

G-06505/4



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 196/146530 | विधानसभा परिसर स्थित नये लायब्रेरी भवन में परिवर्तन/परिवर्धन कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | रू. 45.43 लाख |
| 197/146531 | उपसंभाग क्र. - 4, रायपुर के तहत उमारिया मोड़ से परसदा पहुँच मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | रू. 137.50 लाख |
| 140/149858 | उपसंभाग क्र. -4 आरंग सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। 1. परागॉव गोविंदा टीला रोड़ 15/4 (100 मी.) से 16/4 (100 मी.) लं. 1.00 कि.मी. 2. चरोदा गिधवा चाटेरा रोड लं. 7/2 (100 मी.) से 8-2 (105 मी.) =1.05 कि.मी. 3. सिमगा - खरोरा-गुल्लू- आरंग-नवापारा कुरूद रोड 61/4 (100 मी.) से 79/10 लं. 18.50 कि.मी. 4. परसदा पहुँच मार्ग 1/2 से 2/8 (50 मी.) लं. 1.65 कि.मी. 5. लिंगाडीह पॅहुच मार्ग 1.00 कि.मी. 6. मोखला बोरिद रोड 1/2 से 3/8 लं.2.80 कि.मी. 7. पुरान रेस्ट हॉउस एवं नवागॉव स्टोर पहुँच मार्ग लं. 400 मी.। (तृतीय आमंत्रण) | रू. 40.00 लाख |
| 184/149861 | उपसंभाग क्रमांक 3 के उपखंड क्रमांक 1 अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गो एवं पुल-पुलियों में साधारण मरम्मत एवं पेंटिंग फिगरिंग कार्य बी. टी. सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 60.00 लाख |
| 187/149862 | उपसंभाग क्र. -3 के अंतर्गत जी.ए.डी. 209 नग आवासगृह के कचना में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण एवं अन्य जमा कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 186/149863 | उपसंभाग क्रमांक 3 के अंतर्गत जी.ए.डी. 209 नग आवासगृहो के कचना में रंगाई-पुताई कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |

**एन.आई.टी. क्र. 196 सिस्टम टेंडर नं. 146530 एवं एन.आई.टी. क्र.197 सिस्टम टेन्डर नं. 146531 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.01.2024 समय सायं 5:30 बजे तक एन.आई.टी. क्र. 140 सिस्टम टेंडर नं.149858 डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.12.2023 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 184 सिस्टम टेंडर नं. 149861, एन.आई.टी. क्र. 187 सिस्टम टेंडर नं. 149862 एवं एन.आई.टी. क्र.186 सिस्टम टेंडर नं. 149863 डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.12.2023 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G -06451/1



## कार्यालय अधीक्षक
## जिला जेल महासमुन्द (छ.ग.)

**निविदा सूचना**
**अर्द्धवार्षिक ठेका वर्ष 2023-24**
**( अक्टूबर - 2023 से मार्च - 2023 )**

**निविदा क्रमांक 3496 / निर्वाह / 2023 महासमुन्द दिनांक 11/12/2023**

जिला जेल महासमुन्द में परिरूद्ध बंदियों की भोजन व्यवस्था हेतु सब्जियाँ प्रदाय करने के लिये मुहर बंद अर्द्धवार्षिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये 1000/- नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं या www.jail.cg.gov.in से भी प्राप्त किया जा सकता है, बशर्ते निविदा प्रपत्र जमा करने के पूर्व आवेदन शुल्क कार्यालय में जमा करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | - | 27.12.2023 समय 01:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 28.12.2023 को समय 10:00 से 1:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | - | 28.12.2023 समय 04:00 बजे |

जेल अधीक्षक
जिला जेल महासमुन्द (छ.ग.)

G-06467/1



## कार्यालयः- जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धमतरी, (छ.ग.)

**// निविदा की संक्षिप्त सूचना (द्वितीय आमंत्रण) //**

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2656 / 2023 धमतरी, दिनांक 13/12/2023**

जिला एवं सत्र न्यायालय, धमतरी के जिला मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय (कुरूद) के न्यायालय कक्षों एवं न्यायाधीश विश्राम कक्षों में संस्थापन हेतु आई.एफ.बी./ एल. जी./ वोल्टास / ब्लूस्टार कंपनी के निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं / अधिकृत प्रतिनिधि से 2.0 टन क्षमता, 3 स्टार, कॉपर क्वाईलिंग, इंस्टालेशन सहित 06 नग ए.सी. तथा 1.5 टन क्षमता, 3 स्टार, कॉपर क्वाईलिंग, इंस्टालेशन सहित 03 नग ए.सी. क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले ए.सी. की मेक / कंपनी का निर्धारण क्रय समिति द्वारा गुणवत्ता, दर, सर्विसिंग आदि के आधार पर किया जावेगा। ( क्रय किये जाने वाले ए.सी. की संख्या अनुमानित व परिवर्तनशील है )

उक्त निविदा की सूचना एवं शर्तें जिला न्यायालय, धमतरी के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/dhamtari में अपलोड की गई है। उपरोक्त निविदा की शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथी 27.12.2023 शाम 05:00 बजे तक नियत की गई है।

**स्थान- धमतरी**
**दिनांक- 13/12/2023**

अध्यक्ष,
क्रय समिति,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश
धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

G-06494/2



## राज्यपाल का सचिवालय राजभवन, छत्तीसगढ़ रायपुर

**स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर लेखन सामग्री हेतु निविदा आमंत्रण**

निविदा विज्ञप्ति क्र. .................... रायपुर, दिनांक 15/12/2023

राज्यपाल का सचिवालय, राजभवन, रायपुर (छ.ग.) की ओर से स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर लेखन सामग्री के निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं एवं पंजीकृत संस्थाओं से सामग्री प्रदान करने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) राशि रू. 200 /- (रू. दो सौ ) मात्र नगद भुगतान कर दिनांक 09/01/2024 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 08/01/2024 समय 12:00 बजे अपरान्ह तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08/01/2024 समय 01:00 बजे अपरान्ह तक
निविदा खोलने की तिथि 08/01/2024 समय 03:00 बजे अपरान्ह
स्थान कांफ्रेंस हॉल, राजभवन, रायपुर

( प्राधिकृत अधिकारी)
राज्यपाल के अवर सचिव
राजभवन, रायपुर

G-06464/2



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ. ग.)

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती लकड़ी एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेता को सलाह दी जाती है, कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी गई वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से कम या अधिक हो सकती है :-

**नीलाम स्थल - काष्ठागार अम्बिकापुर,**
**नीलाम दिनांक व समय - 26.12.2023 प्रातः 09.30 बजे से**

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 29.137 | 751 | 7.402 | 354 | 36.539 | 1105 |
| साल | 77.001 | 204 | 1790.612 | 5076 | 1867.613 | 5280 |
| साजा | 1.473 | 0 | 17.494 | 44 | 18.967 | 44 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 18.215 | 85 | 18.215 | 85 |
| बांसा | 0.000 | 0 | 0.100 | 0 | 0.100 | 0 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 12.479 | 31 | 12.479 | 31 |
| बीजा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 11.579 | 380 | 0.757 | 0 | 12.336 | 380 |
| अन्य | 8.761 | 0 | 163.269 | 1298 | 172.030 | 1298 |
| योगः- | 127.951 | 1335 | 2010.328 | 6888 | 2138.279 | 8223 |
| जलाऊ चट्टा | - | - | 12 chatta | | 12 chatta | |

टीपः-
1. क्रेता को पैन नम्बर एवं टीन नम्बर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2023 की प्रति, के अतिरिक्त जी. एस. टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. अपरिहार्य परिस्थिति में अधिसूचित नीलाम की तिथि में परिवर्तन संभावित हो सकता है।

वनमण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

G-06448/3

# वनडे रैंकिंग : बाबर ने गिल से छीना नंबर-1 का ताज, शीर्ष पांच में तीन भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में कई बड़े बदलाव हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। शुभमन गिल को वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा है। पाकिस्तान के बाबर आजम ने एक बार फिर वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, रवि बिश्नोई को शीर्ष टी20 गेंदबाज का स्थान गंवाना पड़ा है। अब इंग्लैंड के आदिल राशिद दुनिया के नंबर एक टी20 गेंदबाज हैं।



### शुभमन को आराम

वनडे में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज में शुभमन गिल को आराम दिया गया है। इसका नुकसान उन्हें आईसीसी रैंकिंग में हुआ है। अब बाबर आजम वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर जिम्बाब्वे के खिलाफ 33 रनों की पारी के दम पर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### वनडे : शीर्ष बल्लेबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाक | 824 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 810 |
| 3 | विराट कोहली | भारत | 775 |
| 4 | रोहित शर्मा | भारत | 754 |
| 5 | डेविड वार्नर | आस्ट्रेलिया | 745 |

### वनडे :शीर्ष गेंदबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | केशव महाराज | द.अफ्रीका | 715 |
| 2 | जोश हेजलवुड | आस्ट्रेलिया | 703 |
| 3 | मो. सिराज | भारत | 685 |
| 4 | एडम जम्पा | आस्ट्रेलिया | 675 |
| 5 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 671 |



### टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग छह स्थान ऊपर छठे स्थान पर, निकोलस पूरन दो स्थान ऊपर 12वें, रोवमैन पॉवेल 14 स्थान ऊपर 23वें और काइल मेयर्स नौ स्थान ऊपर 33वें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और वह अब 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक के बाद सूर्यकुमार ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की है। दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम से वह 100 रेटिंग अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम तीसरे स्थान पर हैं।


### टी20 : बिश्नोई फिसले

इंग्लैंड के आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसी वजह से उन्हें रैंकिंग में दो स्थान का फायदा मिला है। अब अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे और भारत के रवि बिश्नोई तीसरे स्थान पर हैं। पिछले तीन सप्ताह में तीन अलग-अलग खिलाड़ी (राशिद खान, रवि बिश्नोई और आदिल राशिद) आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज रह चुके हैं। आदिल राशिद इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया है। एक दशक पहले ग्रीम स्वान यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने थे।



## टेस्ट में अश्विन की बादशाहत

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सीरीज के चलते टेस्ट रैंकिंग में भी काफी बदलाव हुए हैं। गेंदबाजों में भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर, नाथन लियोन तीन स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर, मिचेल स्टार्क दो स्थान ऊपर आठवें स्थान पर और जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर 10वें पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान आ गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि, शीर्ष स्थान पर केन विलियमसन की बादशाहत कायम है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर नौ पायदान ऊपर 27वें स्थान पर और मिशेल मार्श 12 स्थान ऊपर 68वें स्थान पर आ गए हैं।



## खबर संक्षेप



### एफआईएच पुरस्कार कड़ी मेहनत-दृढ़ता का नतीजा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने बुधवार को कहा कि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का नतीजा है जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इतने साल से उन्होंने दिखाई है। मनप्रीत सिंह (2019) और हरमनप्रीत सिंह (2020-21 और 2021-22) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले हार्दिक भारत के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए। वहीं महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया ने लगातार तीसरी बार एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता।हार्दिक ने कहा, 'यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाना सम्मान की बात है। मैं अपने साथी खिलाड़ियों, कोचों और समर्थकों का शुक्रगुजार हूं जो मेरी सफलता के स्तंभ रहे।

### भारत लंबे समय तक दबदबा बनाएगा : हीली



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने एकमात्र टेस्ट से पहले बुधवार को यहां कहा कि भारतीय टीम लंबे समय तक दबदबा बनाएगी और मेहमान टीम मेजबानों को हल्के में आंकने का जोखिम नहीं उठा सकती। भारत और आस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच अंतिम टेस्ट फरवरी 1984 में यहीं वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। हीली ने गुरुवार को शुरू होने वाले टेस्ट से पहले मीडिया से कहा, 'भारत को निश्चित रूप से उसकी ही सरजमीं पर हराना बहुत मुश्किल है। हमें यहां पहले भी कुछ सफलता मिल चुकी है, मुझे गलत मत समझिएगा लेकिन ड्रेसिंग रूम में मौजूद प्रतिभा को देखते हुए उन्हें कम नहीं आंक सकते।'

### वनडे : तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 की बराबरी पर

# भारत का शीर्षक्रम फेल, दक्षिण अफ्रीका से निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▶▶| पार्ल

पहले दोनों मैचों में शुरुआती जोड़ी की नाकामी के बाद भारतीय टीम गुरुवार को तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज करने के लिए अच्छी शुरुआत की कोशिश में होगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में सिर्फ एक बार ही हराया है। उसे दोहराने के लिए भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की जरूरत होगी। साइ सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में 55 और 62 रन बनाए। वहीं गायकवाड़ ने पांच और चार रन ही बनाए। भारत के तिलक वर्मा अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी नाकाम रहे। गायकवाड़ और वर्मा को अपनी चिर परिचित लय हासिल करनी होगी क्योंकि मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। वैसे वर्मा की जगह 30 वर्ष के रजत पाटीदार को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अय्यर पहले वनडे के बाद ही टेस्ट श्रृंखला की तैयारी में जुट गए।

### पिच बल्लेबाजों की मददगार

शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लिए राहत की बात यह है कि बोलैंड पार्क की पिच बल्लेबाजों की मददगार है। गक्बेरहा की पिच में असमान उछाल था लेकिन अगला मैच पार्ल में खेला जाएगा जहां पिच से बेहतर उछाल मिलेगी। इससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने में मदद मिलेगी। टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एक और मौका दे सकता है जो पिछले मैच में 12 रन पर आउट हो गए।



### गेंदबाजों का मिला जुला प्रदर्शन

गेंदबाजी में मुकेश कुमार दो मैचों में एक भी विकेट नहीं ले सके। अर्शदीप सिंह और आवेश खान पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे और अर्शदीप ने दूसरे मैच में भी लय कायम रखी। टीम प्रबंधन अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भी मौका दे सकता है। उन्होंने हरियाणा के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में टीम प्रबंधन को कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से एक को बाहर रखकर चहल के लिए जगह बनानी होगी। कुलदीप और अक्षर टेस्ट टीम का हिस्सा हैं ऐसे में दोनों अधिकतम मैच अभ्यास चाहेंगे।

## टेस्ट में भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

मुंबई। इंग्लैंड को हराने के बाद भारतीय महिला टीम बृहस्पतिवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम पर जीत दर्ज करके अपनी उपलब्धियों में इजाफा करना चाहेगी। भारत ने 46 साल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले दस टेस्ट में से एक भी नहीं जीता है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पता है कि स्पिनरों की मददगार पिच पर उसके पास इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। भारतीय गेंदबाजों खासकर आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पिछले सप्ताह डी वाई पाटिल



स्टेडियम पर इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई । महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से यह सबसे बड़ी जीत थी। अब दीप्ति आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने भी नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर (49 और नाबाद 44) , जेमिमा रौड्रिग्ज (68) और यास्तिका भाटिया (66) ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावित किया।

### आईपीएल

# मिचेल स्टार्क की एक गेंद पड़ेगी 7.4 लाख रुपए की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


आईपीएल की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाजों का जलवा देखने को मिला। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। स्टार्क अगर लीग के सभी 14 मैच में खेलते हैं तो उनकी एक गेंद 7.4 लाख रुपए की पड़ेगी।



### स्टार्क का 14 मैच खेलना तय

*स्टार्क को कोलकाता नाइटराइडर्स के सभी मैचों में खेलना तय है। अगर वह लीग राउंड के सभी 14 मैच में खेलते हैं और हर मुकाबले में अपने कोटे के चार ओवर (कुल 336 गेंदें) करते हैं तो उनकी एक गेंद 7.4 लाख रुपए की पड़ेगी। अगर कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम फाइनल तक पहुंचती है तो उसे अधिकतम 17 मैच खेलने होंगे। ऐसे में स्टार्क 408 गेंद फेकेंगे। उनकी एक गेंद 6.1 लाख रुपए की पड़ेगी।*

### कमिंस फेंकेंगे 336 गेंदें



स्टार्क की तरह अगर पैट कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सभी मैच खेलते हैं तो ग्रुप राउंड में वह 14 मुकाबलों में उतरेंगे। ऐसे में अपने कोटे के चार ओवर (कुल 336 गेंदें) करते हैं तो उनकी एक गेंद 6.1 लाख रुपए की होगी। वहीं, अगर हैदराबाद फाइनल तक जाती है तो उनकी एक गेंद 5 लाख रुपए की होगी।

## कप्तान बदलने का फैसला जज्बाती लेकिन रोहित इंडियंस की विरासत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था।

पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है । जयवर्धने ने जियो सिनेमा से कहा, 'यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना



लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं।' श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा, हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है।

### भारत ने फ्रांस को 5-4 से हराया

*वेलेंसिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह के दो-दो गोल से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच देशों की टूर्नामेंट के अपने चौथे और आखिरी मैच में बुधवार को यहां फ्रांस को 5-4 से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। मुकाबले में विवेक सागर प्रसाद (16वां मिनट) ने भारत के लिए पहला गोल किया। जुगराज ने 20वें और 60वें मिनट जबकि हरमनप्रीत ने 25वें और 56वें मिनट में टीम के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी खराब रहा। टीम को शुरुआती तीनों मैच में स्पेन (0-1), बेल्जियम (2-7) और जर्मनी (2-3) से हार का सामना करना पड़ा।*

## सरकार का शतक बेकार, बांग्लादेश को न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नेलसन

हेनरी निकोल्स (95) और विल यंग (89) शतक लगाने से चूक गए लेकिन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है।

बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार की 169 रन की पारी से पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 49.5 ओवर में 291 रन



बनाए। न्यूजीलैंड ने 46.2 ओवर में तीन विकेट पर 296 रन बना कर जीत दर्ज की।

श्रृंखला के शुरुआती मैच में 105 रन बनाने वाले यंग ने मंगलवार को रचिन रविंद्र (33 गेंद में 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। उन्होंने 94 गेंद की पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। निकोल्स श्रृंखला के पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे थे। उन्होंने 99 गेंद की पारी में आठ चौका और एक छक्का लगाया।

### जीत के साथ इंग्लैंड ने श्रृंखला में बराबरी की



**सेन फर्नांडो।** विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने चौथे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 75 रन से हराकर श्रृंखला में बराबरी की। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के लगातार दूसरे शतक के दम पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 267 रन बनाए। साल्ट और बटलर ने 9.5 ओवर में 117 रन जोड़े। बटलर 29 गेंद में 55 रन बनाकर आउट हुए। साल्ट ने 119 रन बनाए जो टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है।

## केकेआर गेंदबाजी आक्रमण के 'एक्स फैक्टर' होंगे स्टार्क

*नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने मिचेल स्टार्क के लिए अपनी फ्रेंचाइजी द्वारा रिकॉर्ड बोली लगाने के फैसले को सही बताते हुए कहा कि यह आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज 'एक्स फैक्टर' और गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ होगा। केकेआर ने दुबई में मंगलवार को हुई इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड राशि में खरीदा। फ्रेंचाइजी के मेंटोर गंभीर भी नीलामी में मौजूद थे, उन्होंने कहा, 'स्टार्क एक 'एक्स फैक्टर' है, इसमें कोई शक नहीं। ऐसा खिलाड़ी जो नयी गेंद से गेंदबाजी कर सकता है, डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और सबसे अहम बात है कि वह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई भी कर सकता है।*



सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
शाखा - सदर बाजार, रायपुर
Central Bank of India
Branch - Sadar Bazar, Raipur

परिशिष्ट-4 [नियम - 8 (1)] कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि (Whereas)

[illegible]

"देनदारों का ध्यान प्रतिभूत संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।"

अनुसूची संपत्ति का विवरण

| क्र. | उधारकर्ताओं तथा जमानतदारों का नाम | डिमांड नोटिस की राशि/दिनांक | कब्जा लेने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | [illegible] | रू. 2,34,06,500/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 29.09.2023 | 19.12.2023 |

संपत्ति का विवरण : [illegible]

दिनांक : 21.12.2023, स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

IndusInd Bank

VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl. No. | Branch | Deal No. | Borrower Name | Veh. Model | Regd. No. | Yard Name & Address |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHILAI | FBB00647D | DUPINDER | MAHINDRA TRUXO 31 202HP | CG07AX4438 | BARAMATIWALA PRODUCTS, AMRAVATI |
| 2 | RAIGARH | FRA02157D | MANTRAM | TATA LPS 4018 CR BS4 | CG13LA2504 | SAGAR PARKING YARD RAIGARH |
| 3 | BILASPUR | FRB01459D | SUJIT | TATA LPS 4018 BS3 | CG15AC4399 | LANJEWAR BROTHERS PARKING, BILASPUR |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.)
Call: 0771-4255804, Last Date : 27th Dec., 2023.
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
-Authorized Officer
Date : 20th December, 2023, Raipur
www.indusind.com
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"






# बजरंगबली हैं कॉलेज के चेयरमैन, उनके नाम केबिन और कार, वही लेते हैं हर फैसला

## लखनऊ में एक कॉलेज संचालक ने अपना चेयरमैन बना रखा है बजरंगबली को

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

बजरंग बली की राम भक्ति के किस्से हम सब जानते हैं। जैसे वो रामभक्त थे वैसे ही उनके भी भक्त हैं जो अजब गजब तरीके से हनुमान भक्ति करते हैं। लखनऊ में तो एक कॉलेज संचालक ने अपना चेयरमैन बजरंगबली को बना रखा है। कॉलेज का हर काम बजरंग बली की इजाज़त से होता है। लखनऊ के भगत सिंह कॉलेज में हर काम बजरंग बजी की इजाजत से होता है। वो इस कॉलेज के चेयरमैन हैं। एक ऐसा कॉलेज जिसके चेयरमैन कोई इंसान नहीं बल्कि राम भक्त महाप्रभु हनुमान हैं। इस कॉलेज में हनुमान जी का केबिन भी है, जहां पर लोग उनकी आज्ञा लेकर अंदर जाते हैं। यही नहीं बजरंगबली के लिए यहां पर नैनो कार भी है जो उन्हें हर मंगलवार को राम मंदिर के दर्शन कराने के लिए लेकर जाती है। इस कार में ड्राइवर और बजरंगबली के अलावा कोई और नहीं बैठता।

### चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी ही विराजमान

इस कॉलेज में कॉन्फ्रेंस रूम भी है जहां पर चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी ही विराजमान हैं और उनकी नेम प्लेट भी सभी जगहों पर लगी हुई है। यह कॉलेज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहन रोड पर स्थित है। इसका नाम सरदार भगत सिंह कॉलेज है। वर्तमान में इसमें हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। कॉलेज में हनुमान जी सुबह 8:00 बजे आते हैं। इससे पहले उनके केबिन की साफ सफाई कर दी जाती है। उनके केबिन में धार्मिक किताबें रखी हैं और भगवान हनुमान जहां विराजमान हैं उनकी नेम प्लेट भी वहीं पर लगी है। इसी केबिन में राम दरबार भी है। केबिन में आने के बाद हनुमान जी के साथ लगभग सुबह 10 से 11:00 के बीच कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी लोग मीटिंग करते हैं।



### लंच भी दिया जाता है

कॉन्फ्रेंस हॉल में भी चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी की प्रतिमा रखी हुई है और नेम प्लेट रखी है। मीटिंग खत्म होने के बाद हनुमान जी को परिसर में बने मंदिर में दर्शन कराया जाता है, जहां पर वह स्वयं विराजमान हैं। इसके बाद दोपहर में एक बजे लंच ब्रेक में उनका पसंदीदा बेसन का लड्डू उनके केबिन में पहुंचा दिया जाता है।

### ये हैं कॉलेज संचालक

इस कॉलेज की नींव रखने वाले पूर्व प्रेजिडेंट विवेक तांगड़ी और सचिव पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2007 में दोनों मित्रों ने मिलकर इस कॉलेज की नींव रखी थी। उस वक्त दोनों ही मित्र इस कॉलेज के चेयरमैन नहीं बनना चाहते थे। तमाम मंथनों के बाद क्योंकि दोनों राम भक्त हनुमान के परम भक्त हैं इसीलिए फैसला लिया गया कि बजरंगबली को यहां का चेयरमैन बनाया जाए।

### भगवान के लिए नैनो कार

इस कॉलेज में चेयरमैन हनुमान जी के लिए एक नैनो कार है जिससे वह हर मंगलवार को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए जाते हैं। वहां पर हनुमान जी पहुंचकर प्रसाद और फूल चढ़ाते हैं। फिर वापस कॉलेज आते हैं और इसके बाद शाम को जब सब निकलते हैं तो उनका केबिन भी बंद कर दिया जाता है। यही नहीं पूरी विधि विधान के साथ हर एक बात का ध्यान रखा जाता है। और तो और जो नियम कानून चेयरमैन के पद के होते हैं उन सभी को फॉलो किया जाता है।


### ऐसे मिली मान्यता




पूर्व सचिव पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी जो अब डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय है इसने उस वक्त मान्यता देने से इस कॉलेज को मना कर दिया था। दरअसल उनका तर्क था कि चेयरमैन एक जीवित व्यक्ति ही होता है। ऐसे में जब तमाम ब्राह्मणों द्वारा यह तर्क दिया गया कि राम भक्त हनुमान को अमर होने के साथ ही चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त है और इस युग के एकमात्र जागृत देवता वहीं हैं। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया था फिर इसे मान्यता मिल गई थी।

# नासा द्वारा अंतरिक्ष में खींची गई 'क्रिसमस ट्री' हो रही है वायरल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



क्रिसमस का त्योहार नजदीक आ गया है। 25 दिसंबर को दुनियाभर में यह त्योहार मनाया जाना है। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। भारत समेत पूरी दुनिया में यह त्योहार बेहद खास तरीके से मनाया जाता है। खासकर ईसाई समुदाय के लोग इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं और खुशियां बांटते हैं। इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष में खिंची गई क्रिसमस ट्री की तस्वीर को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है जो कि वायरल हो रही है। नासा ने जो तस्वीर शेयर की है वह अंतरिक्ष में तारों और गैस से बनी हुई है। यह बिल्कुल रंग बिरंगी क्रिसमस ट्री जैसी दिखाई दे रही है। इसे काफी संख्या में लोग शेयर कर रहे हैं। तस्वीर इतनी खूबसूरत लग रही है कि किसी का भी मन मोह लेगी।

### नासा ने लिखा

तस्वीर के साथ नासा ने लिखा है कि यह काफी हद तक ब्रह्मांड जैसा दिखने लगा है। हमारी चंद्रा वेधशाला ने हाल ही में नीली और सफेद रोशनी देखी जो "क्रिसमस ट्री क्लस्टर" जैसी दिखती है। यह पृथ्वी से लगभग 2,500 प्रकाश वर्ष दूर तारों और गैस का एक झुंड है। क्रिसमस डे के दिन क्रिसमस ट्री का खास महत्व है। इसे तरह-तरह से सजाया जाता है। लोग अपने घर में क्रिसमस ट्री लाते हैं और उसे अलग तरह से दिखाने की कोशिश करते हैं। क्रिसमस ट्री से क्रिसमस डे का सेलिब्रेशन और भी बेहतरीन बन जाता है। क्रिसमस डे के दिन लोग चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं और कैंडल जलाते हैं। गिरिजाघरों में जीसस क्राइस्ट के बारे में बताया जाता है। क्रिसमस को लेकर बाजार अभी से सजाए जा रहे हैं।

# 101 सेकेंड में अंतरिक्ष से धरती पर पहुंचा बिल्ली का क्यूट वीडियो

**धरती तक पहुंचने में 3.10 करोड़ किमी दूरी की तय**

**इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाने में भी किया जा सकेगा इस तकनीक का इस्तेमाल**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

नासा ने सोमवार को अपने अंतरिक्ष यान से धरती पर बिल्ली का एचडी यानी एक हाई-डेफिनिशन वीडियो भेजा है। इसे पृथ्वी तक पहुंचने में केवल 101 सेकंड लगे हैं। इसको भेजने के लिए अत्याधुनिक लेजर संचार प्रणाली का उपयोग किया गया। नासा के मुताबिक धरती तक पहुंचने में इसने 3.10 करोड़ किमी दूरी तय की। यानी पृथ्वी-चंद्रमा की दूरी से लगभग 80 गुना ज्यादा। माना जा रहा है कि इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाने में भी किया जा सकेगा। 15 सेकंड के वीडियो में टेटर्स नाम की एक बिल्ली




को दिखाया गया है। यह वह वीडियो है जिसे डीप स्पेस से स्ट्रीम किया गया है और इससे पता चलता है कि यहां से उच्च-डेटा-दर से संचारित करना संभव है जो मंगल ग्रह पर मनुष्यों को भेजने जैसे जटिल मिशनों का समर्थन करने के लिए आवश्यक है। वीडियो को एक लेजर ट्रांसीवर का उपयोग करके पृथ्वी पर भेजा गया, जो नासा के सायचे मिशन के साथ 13 अक्टूबर को लॉन्च किया गया था।

### बिल्ली का ही वीडियो क्यों स्ट्रीम किया?

यह बताते हुए जेपीएल ने कहा कि इसका एक ऐतिहासिक संबंध है। 1920 के दशक में जब अमेरिकियों की रुचि टेलीविजन में बढ़ने लगी तो उन्होंने फेलिक्स द कैट की एक मूर्ति को प्रसारित किया। इसके अलावा, वायरल इंटरनेट वीडियो और मीम कल्चर की दुनिया में बिल्लियां नंबर एक स्थान पर बनी हुई हैं।







# लंदन में शाहरुख की हीरोइन को समझा 'भिखारी', फेंकने लगे चिल्लर

**लंदन।** तापसी पन्नू साउथ सिनेमा ही नहीं, बॉलीवुड दर्शकों के बीच भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने बैक टू बैक बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपने काम से लोगों को अपना फैन बनाया।



तापसी अब शाहरुख खान, विक्की कौशल स्टारर 'डंकी' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक पंजाबी लड़की का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे कुश्ती के दांव-पेंच भी आते हैं। अब एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्म में अपने रोल को खुलकर बात की और इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। इसके अलावा तापसी ने खुद से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी बताया। फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान तापसी की एक तस्वीर दिखाई जाती है। इस तस्वीर में तापसी पन्नू लंदन की सड़कों पर स्टेच्यू बनकर खड़ी हैं। फोटो देखते ही तापसी को इससे जुड़ी एक मजेदार कहानी याद आ जाती है, जिसे उन्होंने शेयर किया। तापसी बताती हैं कि इस तस्वीर से जुड़ा एक बेहद यादगार पल है। जिसके बारे में वह बताना चाहती हैं और इतना कहते ही अभिनेत्री ने इस तस्वीर से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाना शुरू कर दिया। फिर अभिनेत्री ने कहा- 'मैं बता दूं कि इस फोटो में जो स्टेच्यू बनी नजर आ रही है, वो मैं ही हूं. वहां के सर्किट में मुझे तैयार करके खड़ा करवा दिया गया था। फोटो में मैं एक पेटी के ऊपर खड़ी हूं और इस दौरान उस पेटी खोलकर रखा गया था, ताकि मुझे पैसे मिलते रहें। मैं वहां लिविंग स्टेच्यू बनकर खड़ी थी। कैमरा रोल हो रहा था, लेकिन वहां से गुजर रहे लोगों को पता नहीं था कि यहां शूटिंग चल रही है। लोगों को लगा मैं भिखारी हूं और उन्होंने सच में आकर पैसे डालना शुरू कर दिया।'

### कमा लिए कुछ पाउंड

तापसी ने आगे कहा- 'क्योंकि, हम सब इस बात को लेकर डरे हुए थे कि अगर लोगों को पता चला कि यहां शूटिंग चल रही है तो वह डर सकते हैं या फिर भीड़ इकट्ठा हो सकती है। तो किसी को इसके बारे में नहीं बताया गया। यानी किसी को कानों कान इसकी खबर नहीं लगी कि यहां शूटिंग हो रही है। मुझे लगता है उस दिन कुछ पाउंड तो मैंने कमा ही लिए थे।' इस पर शाहरुख खान भी मजेदार जवाब देते हैं और कहते हैं- 'बेशक, इससे प्रोड्यूसर भी काफी खुश हुए होंगे। हमारा लंदन शेड्यूल ही उन्हीं पैसों से निकला है।'




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com